रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-18012022-232726
CG-DL-E-18012022-232726

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 241] नई दिल्ली, मंगलवार, जनवरी 18, 2022/पौष 28, 1943
No. 241] NEW DELHI, TUESDAY, JANUARY 18, 2022/PAUSHA 28, 1943

गृह मंत्रालय

(संघ राज्य क्षेत्र प्रभाग)

आदेश

नई दिल्ली, 18 जनवरी, 2022

का.आ. 245(अ).— केंद्रीय सरकार, दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीव (संघ राज्य क्षेत्र का विलय) अधिनियम, 2019 (2019 का 44) की धारा 19 के द्वारा प्रदत्त शक्तियों, और इस निमित्त उसे समर्थ बनाने वाली अन्य सभी शक्तियों का प्रयोग करते हुए, दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीव संघ राज्य क्षेत्र की बाबत निम्नलिखित आदेश देती है, अर्थात:-

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ** - (1) इस आदेश का संक्षिप्त नाम दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीव (केंद्रीय विधियों और राज्य विधियों का अनुकूलन) चतुर्थ आदेश, 2022 है।

   (2) यह राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होगा।

2. साधारण खंड अधिनियम, 1897(1897का 10) इस आदेश के निर्वचन के लिए उसी प्रकार लागू होगा जिस प्रकार यह भारत के राज्यक्षेत्र में प्रवृत्त विधियों के निर्वचन के लिए लागू होता है।

3. इसके प्रकाशन की तारीख से ही, इस आदेश की अनुसूची में उल्लिखित अधिनियमों और विनियमों को, जब तक सक्षम विधान-मंडल या अन्य सक्षम प्राधिकरण द्वारा निरसित या संशोधित नहीं किया जाए, इस आदेश से संलग्न अनुसूची द्वारा निदेशित अनुकूलनों और उपांतरणों के अध्ययीन, प्रभावी होगा या यदि इस प्रकार निदेशित किया जाए तो यह निरसित हो जाएगा।

4. जहां इस आदेश में यह अपेक्षा की जाती है कि अधिनियम या विनियम की किसी विनिर्दिष्ट धारा या किसी भाग में कतिपय अन्य शब्दों के लिए कतिपय अन्य शब्द रखे जाएंगे या कतिपय शब्दों का लोप किया जाएगा, वहां ऐसे

प्रतिस्थापन या लोप, जैसा भी मामला हो, उसके सिवाय जहां इसके लिए अन्यथा स्पष्ट रूप से उपबंधित है, किया जाएगा, जहां कहीं निर्दिष्ट शब्द उस धारा या भाग में आते हैं।

5. इस आदेश के उपबंध, जो किसी राज्य विधि या किसी विनियम को अनुकूलित या उपांतरित या निरसित करते हैं ताकि उस रीति, जिसमें प्राधिकरण, जिसके द्वारा या विधि, जिसके अधीन या जिसके अनुसार, कोई शक्तियां प्रयोग किए जाने योग्य हैं, को परिवर्तित किया जा सके, किसी अधिसूचना, आदेश, प्रतिबद्धता, जब्ती, उप-विधि, नियम या विनियम, जो सम्यक रूप से बनाया गया है या जारी किया गया है या तारीख 26 जनवरी, 2020 से पूर्व सम्यक रूप से किए गए किसी कार्य को अमान्य नहीं करेंगे; तथा किसी ऐसी अधिसूचना, आदेश, प्रतिबद्धता, जब्ती, उप-विधि, नियम, विनियम या किसी अन्य चीज का प्रतिसंहरण, परिवर्तन या निरसन समान रीति में, समान विस्तार तक और समान परिस्थितियों में किया जा सकेगा, मानो यह सक्षम प्राधिकरण द्वारा और ऐसे मामले को उस समय लागू उपबंधों के अनुसार, इस आदेश के प्रारंभ के पश्चात् बनाया गया था, जारी किया गया था या किया गया था।

6. (1) अधिनियम या विनियम की किसी धारा या उपबंध के लोप या संशोधन या इस आदेश की अनुसूची में विनिर्दिष्ट किसी विधि के निरसन से निम्नलिखित प्रभावित नहीं होगा —

(क) इस प्रकार लोप या संशोधित या निरसित की गई किसी ऐसी धारा या उपबंध या विनियम या विधि या उसके अंतर्गत सम्यक रूप से की गई या प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुई किसी चीज का पूर्ववर्ती प्रवर्तन;

(ख) इस प्रकार लोप या निरसित की गई किसी ऐसी धारा या उपबंध के अधीन अर्जित, प्रोद्भूत या उपगत कोई अधिकार, विशेषाधिकार, दायित्व या देयता ;

(ग) इस प्रकार लोप या निरसित की गई किसी ऐसी धारा या उपबंध के विरूद्ध किए गए किसी अपराध की बाबत उपगत कोई शास्ति, समपहरण या दंड; या

(घ) उपर्युक्त किसी ऐसे अधिकार, विशेषाधिकार, दायित्व, देयता, शास्ति, समपहरण या दंड की बाबत कोई अन्वेषण, विधिक कार्यवाही या उपचार और ऐसा कोई अन्वेषण, विधिक कार्यवाही या उपचार शुरू किया जा सकेगा, जारी रखा जा सकेगा या प्रवृत्त किया जा सकेगा और ऐसी कोई शास्ति, समपहरण या दंड अधिरोपित किया जा सकेगा, मानो दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीव (संघ राज्य क्षेत्रों का विलय) अधिनियम, 2019 या यह आदेश प्रवृत्त नहीं हुआ था।

(2) उप-पैरा (1), में अंतर्विष्ट उपबंध के अध्यधीन, किसी ऐसी विधि या विनियमों के अधीन की गई कोई चीज या कोई कार्रवाई (की गई कोई नियुक्ति या प्रत्यायोजन, जारी की गई अधिसूचना, अनुदेश या निदेश, विरचित उप-विधि या स्कीम, प्राप्त प्रमाण-पत्र, दिया गया अनुज्ञा पत्र या अनुज्ञप्ति या प्रभावी रजिस्ट्रीकरण या निष्पादित करार सहित) दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीव संघ राज्य क्षेत्र पर अब विस्तारित और लागू विधियों के तत्स्थानी उपबंधों के अंतर्गत किया गया या लिया गया माना जाएगा और तदनुसार प्रवृत्त बना रहेगा जब तक कि दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीव संघ राज्य क्षेत्र में अब विस्तारित विधियों के अधीन की गई किसी चीज या की गई किसी कार्रवाई द्वारा अधिक्रमित नहीं किया गया हो।

अनुसूची

(पैरा 3 देखें)

1. राज्य विधि

1. रजिस्ट्रीकरण (गोवा, दमण और दीव संशोधन) अधिनियम, 1985 (1985 का 24)

1.रजिस्ट्रीकरण (गोवा, दमण और दीव संशोधन) अधिनियम, 1985 (संक्षेप में ''संशोधन अधिनियम'') में, विस्तृत नाम और संक्षिप्त नाम में, ''गोवा'' शब्द के स्थान पर, जहां कहीं भी यह आया है; ''दादरा और नागर हवेली और'' शब्द रखें।

2. संशोधन अधिनियम की धारा 2 के पश्चात, नई धाराएं 2क से 2ग अंत:स्थापित करें।

"2क. मूल अधिनियम की धारा 2, खंड (2) में ''या किसी पुस्तक का भाग'' के स्थान पर, ''या किसी पुस्तक का भाग और इसमें इलेक्ट्रोनिक रूप में कोई पुस्तक शामिल है'' शब्द रखें।

2ख. धारा 2 में, मूल अधिनियम के खंड (10) के पश्चात्, निम्नलिखित खंड अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात:-

"(11) 'दलाल' से कोई ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जो किसी रजिस्ट्रीकरण कारबार के संबंध में स्वयं के लिए या किसी

दूसरे व्यक्ति के लिए नियोजन हेतु रजिस्ट्रीकरण कार्यालय में बार-बार आता है।"

2ग. मूल अधिनियम की धारा 17 में –

(i) उप-धारा (1) के खंड (ड.) के पश्चात्, निम्नलिखित खंड अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात :-

"(च) प्रतिवादियों की सहमति से या परिस्थितिजन्य साक्ष्य के आधार पर, किंतु किसी ऐसे लिखत के आधार पर नहीं जो भारतीय स्टांप अधिनियम, 1899 (1899 का केंद्रीय अधिनियम 2) की धारा 35 के अधीन साक्ष्य में ग्राह्य है यथा, वादी द्वारा प्रस्तुत रजिस्ट्रीकृत हक विलेख, किसी सिविल न्यायालय द्वारा पारित कोई डिक्री या आदेश या पंचाट या उसकी प्रति, जहां ऐसे डिक्री या आदेश या पंचाट से वर्तमान या भावी कॉपीराइट, हक या हित, चाहे निहित हो या एक सौ रूपए और उससे अधिक मूल्य पर आधारित हो, या अचल संपत्ति में सृजित, घोषित, समनुदेशित, सीमित, नष्ट किया जाना तात्पर्यित या प्रवर्तित होता हो; और

(छ) एक सौ रुपए और इससे अधिक मूल्य की अचल संपत्ति की बिक्री का करार;

(ज) उस अचल संपत्ति के अंतरण से संबंधित मुख्तारनामा (पावर ऑफ अटॉर्नी) जिसका कब्जा तात्पर्यित अटॉर्नीधारक को सौंप दिया गया है''।

(ii) उप-धारा (2) के खंड (iv) में; ''किसी न्यायालय की कोई डिक्री या आदेश'' शब्दों के स्थान पर ''किसी न्यायालय की कोई डिक्री या आदेश, जो उप-धारा (1) के खंड (च) के अधीन आनेवाली डिक्री या आदेश या पंचाट नहीं है'' शब्द रखें;

(iii) उप-धारा (2) के खंड (v) में, ''कोई दस्तावेज जो स्वयं सृजित नहीं करता हो'' शब्द के स्थान पर ''उप-धारा (1) के खंड (छ) में यथा-उल्लिखित विक्रय करार के सिवाय कोई दस्तावेज जो स्वयं सृजित नहीं करता हो'' शब्द रखें;

(iv) उप-धारा (2) के स्पष्टीकरण का लोप करें।''

3. संशोधन अधिनियम की धारा 3 के पश्चात्, नई धाराएं 3क से 3ड. अंत:स्थापित करें

"3क. मूल अधिनियम की धारा 20, उप-धारा (1) में, ''दस्तावेज निष्पादित करने वाले व्यक्तियों'' के पश्चात् ''और संपत्ति के विक्रय के लिए दस्तावेज की दशा में, उस दस्तावेज के अधीन भी दावा करने वाले व्यक्ति'' शब्द अंत:स्थापित करें।

3 ख. धारा 22क का अंत:स्थापन. मूल अधिनियम की धारा 22 के पश्चात्, निम्नलिखित धारा अंत:स्थापित की जाएगी, अर्थात:-

दस्तावेज जिनका रजिस्ट्रीकरण लोक नीति के विपरीत है।

"22क (1) राज्य सरकार, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, यह घोषित कर सकेगी कि किसी दस्तावेज या दस्तावेजों के समूह का रजिस्ट्रीकरण लोक नीति के प्रतिकूल है।

(2) इस अधिनियम में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, रजिस्ट्रीकरण करने वाला अधिकारी किसी ऐसे दस्तावेज को रजिस्ट्रीकृत करने से इंकार कर सकेगा जिसको उप-धारा (1) के अधीन जारी अधिसूचना लागू है,''

3ग. मूल अधिनियम की धारा 28 में, "धारा 17, खंड(क), (ख), (ग), (घ) और (ड.)उप-धारा(1),'' के स्थान पर ''धारा 17 का "खंड (क), (ख), (ग), (घ) (ड.) (च) (छ) और (ज)''शब्द रखें।

3घ. मूल अधिनियम की धारा 34 में –

(i) उप-धारा (1) में, "दस्तावेज निष्पादित करने वाले व्यक्तियों", शब्द के पश्चात्"और संपत्ति की बिक्री के लिए दस्तावेज की दशा में; उस दस्तावेज के अधीन दावा करने वाले व्यक्ति''; शब्द अंत:स्थापित करें।

(ii) उप-धारा (3) के खंड (ख) में, ''दस्तावेज को निष्पादित किया'' शब्द के पश्चात्, ''या वे दस्तावेज के अंतर्गत दावा कर रहे हैं'' शब्द अंत:स्थापित करें।

3ड. धारा 34क का अंत:स्थापन–मूल अधिनियम की धारा 34 के पश्चात, निम्नलिखित धारा अंत:स्थापित की जाएगी :-

संपत्ति का विक्रय या

"34क.इस अधिनियम के उपबंधों के अध्यधीन, संपत्ति की बिक्री के लिए कोई भी दस्तावेज

दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने के लिए दस्तावेज के अधीन दावा करने वाला व्यक्ति

इस अधिनियम के अधीन तब तक रजिस्ट्रीकृत नहीं किया जाएगा, जब तक कि दस्तावेज के अधीन दावा करने वाले व्यक्ति ने भी ऐसे दस्तावेज पर हस्ताक्षर नहीं कर दिया हो।''

4. धारा 5क का अंत:स्थापन – संशोधन अधिनियम की धारा 5 के पश्चात्, निम्नलिखित धारा अंत:स्थापित की जाएगी, अर्थात:-

''5क – मूल अधिनियम की धारा 50 में, ''धारा 17 के खंड (क)(ख), (ग), (घ) और (ड.)उप-धारा (1)'' शब्द के लिए ''धारा 17 के खंड (क), (ख), (ग), (घ) (ड.) (च) (छ) और (ज)'' शब्द रखें।

5. संशोधन अधिनियम की धारा 6 में, खंड (ख) के पश्चात् खंड (ग) अंत:स्थापित करें,

'(ग) मूल अधिनियम में, उप धारा (4) के पश्चात्, निम्नलिखित उपधारा अंत:स्थापित की जाएगी, अर्थात्:-

'' (5) यदि उपधारा (i) में उल्लिखित पुस्तकों में से किसी को नष्ट किया जाता है या रजिस्ट्रार की राय में नष्ट होने का खतरा है या पूर्णत: या अंशत: अपठनीय है, तो रजिस्ट्रार, किसी लिखित आदेश द्वारा, ऐसी पुस्तक या उसके किसी भाग को, जो वह ठीक समझता है, यथास्थिति पुनर्निमाण या प्रतिलिपि बनाने का आदेश दे सकेगा और धारा 69 के अधीन यथा विहित ऐसी रीति में अधिप्रमाणन तथा ऐसे निदेश के अधीन तैयार और अधिप्रमाणित प्रति, इस अधिनियय के प्रयोजन के लिए किया गया समझा जाएगा और इस अधिनियम में मूल पुस्तक या उसका भाग होने और सभी निर्देश मूल पुस्तक या उसके भाग के लिए उस प्रकार तैयार किया गया और अधिप्रमाणित किया गया समझा जाएगा।''

6. संशोधन अधिनियम की धारा 7 के बाद, नई धारा 7क अंत:स्थापित करें।

"7क. मूल अधिनियम की धारा 53 में, निम्नलिखित परंतुक अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात:-

"परंतु यह कि जहां पुस्तक इलेक्ट्रॉनिक प्ररूप में है, वहां उस पुस्तक में सभी प्रविष्टियां और संख्यांक तथा मैनुअल रूप में रखी गई पुस्तक एक समान होगी।''

7. संशोधन अधिनियम की धारा 9 के बाद, नई धारा 9क अंत:स्थापित करें.

"9क. मूल अधिनियम की धारा 58 में, –

(i) उप-धारा (1) में, खंड (क) के बाद, निम्नलिखित खंड अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात:-

"(कक) संपत्ति की बिक्री के लिए दस्तावेज की दशा में, ऐसे दस्तावेज के अधीन दावा करने वाले प्रत्येक व्यक्ति के हस्ताक्षर और उसको शामिल किया जाना, और यदि ऐसे दावे को किसी व्यक्ति के प्रतिनिधि, समनुदेशक या अभिकर्ता द्वारा स्वीकार किया गया है तो ऐसे प्रतिनिधि, समनुदेशक या अभिकर्ता के हस्ताक्षर और उनको शामिल किया जाना;"

(ii) उप-धारा (2), के बाद, ''किसी दस्तावेज के निष्पादन'' के बाद ''और संपत्ति की बिक्री के लिए दस्तावेज की दशा में, ऐसे दस्तावेज के निष्पादन को स्वीकार करने वाला कोई व्यक्ति या उस दस्तावेज के अंतर्गत दावा करने वाला कोई व्यक्ति'' अंत:स्थापित करें".

8. संशोधन अधिनियम की धारा 12 के बाद, धाराएं 12क से 12घ अंत:स्थापित करें ।

"12क. नई धाराएं 68क और 68ख –मूल अधिनियम की धारा 68 के बाद निम्नलिखित धाराएं अंत: स्थापित की जाएंगी:-

अननुज्ञप्त व्यक्ति का प्रतिषेध

"68क. (1) जो व्यक्ति धारा 68-ख के अधीन यथा उपबंधित अनुज्ञप्त नहीं है वह दस्तावेज-लेखक और दस्तावेज तैयार करने की वृत्ति में स्वयं को लगाएगा और किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षरित दस्तावेज, जिसके पास अनुज्ञप्ति नहीं है, रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा रजिस्ट्रीकरण के लिए स्वीकार नहीं किया जाएगा:

परंतु यह कि किसी वकील या अभिवक्ता या मुख्तार द्वारा धारा 68-ख के अधीन अनुज्ञप्ति प्राप्त करना अपेक्षित नहीं होगा।

(2) इस धारा में कोई भी बात दस्तावेज के निष्पादक को रजिस्ट्रीकरण के लिए प्रस्तुत किए जाने वाले किसी दस्तावेज को तैयार करने या स्वयं के लिए किसी अन्य ऐसे कार्य को करने,

जिसके लिए अनुज्ञप्त दस्तावेज-लेखक को अन्यथा लगाया जा सकता था, से प्रतिषिद्ध नहीं करेगी।

(3) इस धारा में,कोई भी बात भारत के बाहर या संघ राज्य क्षेत्र के बाहर निष्पादित किसी दस्तावेज या एक उप-जिला या एक जिला के लिए अनुज्ञप्ति धारक दस्तावेज-लेखक द्वारा तैयार तथा यथास्थिति, दूसरे उप-जिला या दूसरे जिला में रजिस्ट्रीकरण के लिए प्रस्तुत विल या दस्तावेज या संघ राज्य क्षेत्र या स्थानीय प्राधिकरणों या अन्य कॉरपोरेट निकायों द्वारा या उनकी ओर से निष्पादित दस्तावेजों को लागू नहीं होगी।

दस्तावेज-लेखकों को अनुज्ञप्ति प्रदान करना

68ख.-(1) जिले का रजिस्ट्रार या इस निमित्त उसके द्वारा प्राधिकृत कोई अन्य अधिकारी एक लिखित परीक्षा, जो विहित की जाए, संचालित करने के पश्चात्, ऐसे निबंधनों और शर्तों पर, जो रजिस्ट्रीकरण महानिरीक्षक द्वारा विहित की जाए, इस निमित्त किए गए आवेदन के आधार पर दस्तावेज-लेखक या दस्तावेज लेखक के अप्रेंटिस को विहित प्ररूप में; एक उप-जिले या एक जिले में विधिमान्य अनुज्ञप्ति दे सकेगा।

(2) किसी ऐसे व्यक्ति को अनुज्ञप्ति दिया जा सकेगा जो दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीव (केंद्रीय विधियों और राज्य विधियों का अनुकूलन) चतुर्थ आदेश, 2022के प्रवृत्त होने की तारीख से कम से कम दस वर्ष पूर्व से दस्तावेज-लेखक की वृत्ति में रहा है और जिसके लिए उसका उपधारा (1) में निर्दिष्ट लिखित परीक्षा में बैठना अपेक्षित नहीं होगा, यदि किसी जिले का रजिस्ट्रार या इस निमित्त उसके द्वारा प्राधिकृत किसी अन्य अधिकारी का यह समाधान हो जाता है कि वह दस्तावेज लेखक की वृत्ति आरंभ करने के लिए अन्यथा उपयुक्त है।''

(3) उप-धाराएं (1) और (2) के अधीन प्रदान किया गया अनुज्ञप्ति उस वर्ष, जिसमें यह जारी किया गया था, के 31 दिसंबर तक विधिमान्य रहेगा और यह ऐसे निबंधनों और शर्तों पर, जो विहित की जाएं, विधिमान्यता की अवधि की समाप्ति के पहले नवीकरण के अध्यधीन होगा।

(4)(क) उप धाराएं (1) और (2) के अधीन प्रदान किए गए अनुज्ञप्ति को किसी भी समय, विहित शर्तों के भंग होने या जिले के रजिस्ट्रार या उसके द्वारा प्राधिकृत किसी अधिकारी द्वारा लिखित में अभिलेखबद्ध किए जाने वाले ऐसे किसी अन्य कारण से निलंबित या रद्द किया जा सकेगा जिसके लिए दस्तावेज लेखक को अनुज्ञप्ति के प्रस्तावित निलंबन या रद्दकरण के विरूद्ध कारण बताने का पर्याप्त अवसर दिया गया हो और उस पर सम्यक रूप से विचार किया गया हो।

(ख) इस धारा के अधीन पारित किसी भी आदेश के विरूद्ध रजिस्ट्रीकरण महानिरीक्षक के समक्ष अपील की जा सकेगी।

स्पष्टीकरण . -धाराएं 68क और 68ख के प्रयोजनार्थ,

(i) "दस्तावेज लेखक" से कोई ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है और उसमें ऐसे व्यक्ति शामिल हैं जो दस्तावेज तैयार करने की वृत्ति अर्थात अभिहस्तांतरण-लेखन का कार्य करने, जिसमें रजिस्ट्रीकरण के लिए हक का अन्वेषण, विलेखों का मसौदा तैयार करना और प्रतियां यदि कोई हों, सहित विलय को रोचक और अनुलिपि करना, या अधिनियम के अधीन खोज और निरीक्षण करना शामिल है, में लगा हुआ है।

(ii) "शिक्षु" से कोई ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जो दस्तावेज लेखक को रजिस्ट्रीकरण के लिए प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेज तैयार करने में सहायता करता है और उनको (प्रतियां सहित, यदि कोई हों) अनुलिपि करता है।

12ख. धारा 69 में, मूल अधिनियम की उप-धारा (1) के लिए, खंड (ख) के बाद, निम्नलिखित खंड अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात:-

"(खख) दस्तावेज लेखकों और उनके शिक्षुओं (अप्रेंट्रिंस) को अनुज्ञप्ति प्रदान करने, ऐसे अनुज्ञप्तियों के निलंबन और रद्दकरण, ऐसे निबंधनों और शर्तों, जिनके अधीन ऐसे अनुज्ञाप्ति प्रदान किए जाते हैं और साधारणतया रजिस्ट्रीकरण के लिए प्रस्तुत

किए जाने वाले दस्तावेजों के लेखन से संबंधित सभी अन्य प्रयोजनों का उपबंध करना।"

12ग. मूल अधिनियम की धारा 70 के बाद, निम्नलिखित अंत:स्थापित करें -

"भाग XI-क इलेक्ट्रॉनिक युक्तियों के द्वारा दस्तावेजों का रजिस्ट्रीकरण

इस भाग का लागू होना।

"70क.यह भाग केवल ऐसे क्षेत्रों को लागू होगा जिसकी बाबत अधिसूचना धारा 70ख के अधीन संघ राज्य क्षेत्र द्वारा जारी किया गया है।

संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा अधिसूचित क्षेत्रों में इलेक्ट्रानिक युक्तियों द्वारा स्कैन किए गए दस्तावेज

"70ख. (1) संघ राज्यक्षेत्र, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा यह निदेश दे सकेगा कि किसी भी कार्यालय में, जो उसमें विनिर्दिष्ट किए जाएं, किसी भी श्रेणी या श्रेणियों के दस्तावेजों के रजिस्ट्रीकरण की प्रक्रिया पूरी की जाए और प्रतिलिपि तैयार करने का कार्य कम्प्यूटरों, स्कैनर्स की सहायता से किया जाए और प्रतिलिपियों पर कम्पैक्ट डिस्क को ऐसी युक्तियों को संरक्षित रखा जाए और आवश्यकता पड़ने पर उसे पुन: प्राप्त किया जाए।

(2) इस अधिनियम या तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि में किसी बात के होते हुए भी, इलेक्ट्रानिक युक्तियों का प्रयोग करके रजिस्ट्रीकृत और स्कैन किए गए और कार्यालय के प्रभारी रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा प्रमाणित या अभिप्रमाणित किसी भी दस्तावेज की प्रतिलिपि को उक्त दस्तावेज में यथावर्णित किसी भी संव्यवहार के साक्ष्य में प्राप्त भी किया जाएगा।

व्यावृत्ति .

70ग. इस भाग में की कोई भी बात निम्नलिखित को लागू नहीं होगी, -

(i) कोई दस्तावेज जो रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की राय में ऐसी स्थिति में नहीं है जो इलेक्ट्रॉनिक युक्तियों के द्वारा संसाधित किए जाने के लिए उपयुक्त हो;

(ii) रजिस्ट्रीकरण की कम्प्यूटरीकृत प्रणाली के खराब होने जैसी अप्रत्याशित स्थिति में:

परंतु रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उसके लिए लिखित में कारणों को अभिलिखित करेगा:

परंतु रजिस्ट्रीकरण अधिकारी यह सुनिश्चित करेगा कि कम्प्यूटरीकृत प्रणाली के खराब होने के कारण इस भाग के लागू नहीं होने की अवधि के दौरान रजिस्ट्रीकृत दस्तावेजों का आंकडा और प्रतिबिम्बों की पुन: प्राप्ति के पश्चात् रजिस्ट्रीकरण महानिरीक्षक द्वारा विहित रीति में कम्प्यूटर प्रणाली में सम्यक रूप से शामिल कर लिए जाएं।"

12घ. धाराएं 80क से 80 छ का अंत:स्थापन–मूल अधिनियम की धारा 80के पश्चात्, निम्नलिखित धाराएं अंत:स्थापित की जाएंगी, अर्थात; -

फीस की वसूली और प्रतिदाय के लिए उपबंध

"80क.(1) यदि निरीक्षण के पश्चात् या अन्यथा यह पाया जाता है कि इस अधिनियम के अधीन देय किसी फीस का संदाय नहीं किया गया है या पर्याप्त रूप से संदाय नहीं किया गया है तो ऐसे फीस को (उसमें विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर मांगे जाने पर संदाय करने में विफलता के पश्चात्), रजिस्ट्रीकरण महानिरीक्षक के प्रमाण-पत्र पर उस व्यक्ति से, जिससे ऐसी मांग की गई है, भू-राजस्व की बकाया राशि के रूप में वसूला जाएगा। महानिरीक्षक का प्रमाण पत्र अंतिम होगा और किसी भी न्यायालय में या किसी भी प्राधिकरण के समक्ष इस पर कोई प्रश्न नहीं किया जा सकेगा ;

परंतु यह कि ऐसा कोई प्रमाण-पत्र नहीं दिया जाएगा जब तक कि पड़ताल नहीं की जाती है और ऐसे व्यक्ति को सुने जाने का अवसर नहीं दिया जाता है।

(2) जहां रजिस्ट्रीकरण महानिरीक्षक यह पाता है कि फीस की राशि उस राशि से अधिक है जो विधिक रूप से प्रभार्य है और इस अधिनियम के उपबंधों के अधीन उसका संदाय किया गया है तो लिखित में या अन्यथा आवेदन किए जाने पर उस अधिक राशि का प्रतिदाय किया जाएगा।

दलालों की सूची तैयार करने और प्रकाशित करने की शक्तियां

80ख.(I) किसी जिले का प्रत्येक रजिस्ट्रार अपने कार्यालय और उसके अधीनस्थ कार्यालयों के संबंध में और प्रत्येक उप-मंडल मजिस्ट्रेट अपनी अधिकारिता के भीतर के रजिस्ट्रीकरण कार्यालयों के संबंध में ऐसे व्यक्तियों की सूची तैयार और प्रकाशित कर सकेगा जो साधारण प्रतिष्ठा या अन्यथा साक्ष्य द्वारा उसके समाधान या किसी उप-रजिस्ट्रार के

समाधान के अनुरूप यह साबित हो, जैसा कि धारा 80-क में उपबंधित है, कि वह दलालों के रूप में आभ्यासिक कार्य करता है और वह ऐसी सूचियों को समय-समय पर परिवर्तित और संशोधित कर सकेगा।

(2) किसी ऐसी सूची में किसी व्यक्ति का नाम तब तक शामिल नहीं किया जाएगा जब तक उसको ऐसे नाम शामिल किए जाने के विरूद्ध कारण बताने का समुचित अवसर न दिया गया हो ।

(3) जहां किसी व्यक्ति का नाम इस धारा के अधीन उप-मंडल मजिस्ट्रेट द्वारा तैयार और प्रकाशित सूची में शामिल किया जाना है, वहां ऐसा व्यक्ति ऐसी सूची, जिसमें उसका नाम सर्वप्रथम आता है, में प्रकाशन के तीस दिनों के भीतर, ऐसी सूची से अपने नाम को हटाने के लिए जिले के रजिस्ट्रार को लिखित में आवेदन कर सकेगा और ऐसी जांच (यदि कोई है), जो रजिस्ट्रार ऐसे आवेदनों पर आवश्यक समझे, के बाद पारित उसके आदेश अंतिम होंगे।.

संदिग्ध दलालों के बारे में उप रजिस्ट्रार द्वारा जांच

80ग. किसी जिले के रजिस्ट्रार या उप-मंडल मजिस्ट्रेट ऐसे प्राधिकारी की अधिकारिता के भीतर किसी उप रजिस्ट्रार को दलाल होने के कथित या संदिग्ध व्यक्ति का नाम भेज सकता है और उस पर उप-रजिस्ट्रार उस व्यक्ति के आचरण की जांच करेगा और उसको धारा 80ख की उप-धारा (2) में यथाउपबंधित कारण बताने का अवसर देने के पश्चात्, उस प्राधिकारी को, जिसने यह अनुरोध किया था, यह रिपोर्ट देगाकि क्या वह व्यक्ति उप-रजिस्ट्रार के समाधान में दलाल साबित हो गया है, और यह कि प्राधिकारी उस व्यक्ति का नाम धारा 80ख की उप-धारा (1) के अधीन अपने द्वारा तैयार और प्रकाशित दलालों की सूची में प्रकाशित कर सकता है:

परंतु यह कि ऐसा प्राधिकारी ऐसे व्यक्ति को सुनेगा जो अपने नाम के इस प्रकार शामिल किए जाने से पहले उसके समक्ष उपस्थित होता है और सुने जाने की इच्छा व्यक्त करता है।

रजिस्ट्रीकरण कार्यालयों में दलालों की सूची का प्रदर्शन

80घ. ऐसी प्रत्येक सूची की प्रतिलिपि उस प्रत्येक रजिस्ट्रीकरण कार्यालय में स्पष्ट रूप से प्रदर्शित की जाएगी जिससे वह संबंधित है।

रजिस्ट्रीकरण कार्यालयों के परिसर से दलालों का अपवर्जन

80ङ. कोई रजिस्ट्रीकरण अधिकारी साधारण या विशेष आदेश द्वारा अपने रजिस्ट्रीकरण कार्यालय के परिसरों से किसी व्यक्ति के नाम को हटा सकता है जिसका नाम किसी ऐसी सूची में शामिल है।

रजिस्ट्रीकरण कार्यालयों के परिसरों के भीतर पाए गए दलालों के बारे में धारणा

80च. ऐसे प्रत्येक व्यक्ति, जिसका नाम धारा 80ङ. के अधीन रजिस्ट्रीकरण कार्यालय के परिसर से हटा दिया गया है और जो किसी रजिस्ट्रीकरण कार्यालय के परिसर के भीतर पाया जाता है, रजिस्ट्रीकरण अधिकारी से लिखित अनुमति के बिना धारा 82क के प्रयोजनों के लिए दलाल के रूप में कार्य करता हुआ माना जाएगा।:

परंतु यह कि यह धारा वहां लागू नहीं होगी जहां ऐसा व्यक्ति ऐसे कार्यालय में रजिस्ट्रीकरण के लिए आशयित दस्तावेज का एक पक्षकार है या उसे रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की किसी प्रक्रिया द्वारा उपस्थित होने का निदेश दिया गया है।

दलालों की गिरफ्तारी और विचारण

80छ. (1) कोई रजिस्ट्रीकरण अधिकारी लिखित में आदेश द्वारा आदेश में नामित किसी व्यक्ति को निदेश दे सकेगा कि वह रजिस्ट्रीकरण कार्यालय के परिसर के भीतर पाए गए ऐसे किसी भी दलाल को गिरफ्तार करे। ऐसे दलाल को तदनुसार गिरफ्तार किया जाएगा और रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के समक्ष पेश किया जाएगा।

(2) यदि दलाल अपने अपराध को स्वीकार कर लेता है तो दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974का 2) की धारा 345 के उपबंध जहां तक साध्य हो उसके निरोध, विचारण और दंड को लागू होंगे।'

(3) यदि दलाल अपने अपराध को स्वीकार नहीं करता है तो उक्त संहिता की धारा 346 के उपबंध उसके निरोध, विचारण और दंड को इसी प्रकार लागू होंगे।

(4) रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को इन धाराओं के प्रयोजनार्थ सिविल न्यायालय माना जाएगा।''

9. संशोधन अधिनियम की धारा 14 के पश्चात्, नई धारा 14क अंत:स्थापित की जाएगी।

14क. धाराएं 82क और 82ख का अंत:स्थापन – मूल अधिनियम की धारा 82 के पश्चात्, निम्नलिखित धाराएं अंत: स्थापित की जाएंगी, अर्थात:-

बिना अनुज्ञप्ति के दस्तावेज लिखने के लिए शास्ति

"82क.(1) किसी ऐसी तारीख को और से जो राज्य सरकार इस निमित्त अधिसूचना द्वारा नियत करे, कोई भी व्यक्ति इस अधिनियम के अधीन बनाए गए नियमों के अनुसार प्रदान की गई अनुज्ञप्ति के सिवाय, किसी रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को प्रस्तुत करने के लिए किसी दूसरे व्यक्ति के लिए दस्तोवज नहीं लिखेगा :

परंतु इस उप-धारा में की कोई भी बात वहां लागू नहीं होगी जहां ऐसे दस्तावेज का लेखक, निष्पादक का प्राधिकृत अभिकर्ता या दस्तावेज का प्रारूप तैयार करने के लिए निष्पादक द्वारा नियुक्त अभिवक्ता या ऐसे अभिवक्ता का रजिस्ट्रीकृत लिपिक है।

परंतु यह और कि जो कोई उप-धारा (1) के उपबंधों का उल्लंघन करता है वह जुर्माने से दंडनीय होगा जो दो हजार रुपए तक हो सकेगा।".

शास्ति

"82ख.जो कोई भी दलाल के रूप में कार्य करता है उसका नाम इस अधिनियम के अंतर्गत बनाई गई, प्रकाशित की गई दलालों की सूची में शामिल किया जाता है:

परंतु पहले अपराध के लिए ऐसे कारावास की अवधि तीन माह से कम नहीं होगी और जुर्माना की राशि पांच हजार रुपए से कम नहीं होगी:

परंतु यह और कि दूसरे अपराध के लिए ऐसे कारावास की अवधि छह माह से कम नहीं होगी और जुर्माना की राशि दस हजार रुपए से कम नहीं होगी; और

परंतु यह और कि तीसरे या उसके बाद के अपराध के लिए ऐसे कारावास की अवधि एक वर्ष से कम नहीं होगी और जुर्माना की राशि बीस हजार रुपए से कम नहीं होगी;''

10. संशोधन अधिनियम की धारा 15 के पश्चात्, नई धारा 15क अंत:स्थापित की जाएगी।

15क. धारा 87क का अंत:स्थापन – मूल अधिनियम की धारा 87के पश्चात्, निम्नलिखित धारा अंत: स्थापित की जाएगी :-

शक्तियों का प्रत्यायोजन

"87क.दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीव संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन, आदेश द्वारा इस अधिनियम के अंतर्गत अपने को प्रदत्त सभी या किन्हीं शक्तियों को रजिस्ट्रीकरण महानिरीक्षक को प्रत्यायोजित कर सकता है, जो इनका प्रयोग ऐसे निर्बंधनों एवं शर्तों के अध्यधीन करेगा जैसा दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीव अधिरोपित करे और वे इसी रीति में इस प्रकार प्रत्यायोजित शक्ति को वापस भी ले सकता है।''

2. गोवा विश्वविद्यालय अधिनियम, 1984

(1984 का 7)

1. मूल अधिनियम में, उद्देशिका में, विस्तृत नाम में, संक्षिप्त नाम में, धारा 2 के खंड (19) और (20) में और धारा 3की उपधारा (1) एवं (3) में ''गोवा'' शब्द जहां कहीं भी आया हो उसके स्थान पर ''दादरा और नागर हवेली तथा दमण एवं दीव'' शब्द रखें जाएंगे''।

2. पूरे मूल अधिनियम में, ''आगंतुक'' शब्द जहां कहीं भी आया हो उसके स्थान पर ''कुलाधिपति'' शब्द को रखा जाएगा।

3. धारा 2.–

(i) खंड (11) के स्थान पर, निम्नलिखित खंड रखा जाएगा, अर्थात्:-

"सरकार" से दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीव संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन अभिप्रेत है जिसका प्रधान संविधान के अनुच्छेद 239 के अंतर्गत राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त प्रशासक होगा।''

(ii) खंड (14), के पश्चात्, निम्नलिखित खंड अंत: स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :-

"(14क) "विहित" से इस अधिनियम के अंतर्गत बनाए गए नियमों द्वारा विहित अभिप्रेत है;"

(iii) खंड (18), में, ''प्राध्यापक'' शब्द के स्थान पर ''सहायक प्रोफेसर, एसोसएिट प्रोफेसर'' शब्द रखे जाएंगे।

4. धारा3.–उप-धारा (2)में, ''पन्जी'' शब्द के स्थान पर ''ऐसा स्थान जो सरकार द्वारा समय-समय पर राजपत्र में अधिसूचित किया जाए'' शब्द रखे जाएंगे।

5. धारा 8–

(i) उप-धारा (1) में, "उप राज्यपाल'' शब्द के स्थान पर ''प्रशासक'' शब्द रखे जाएंगे।

(ii) उप-धारा (11), के पश्चात्, निम्नलिखित उप-धारा अंत:स्थापित की जाएगी, अर्थात :-

"(12) कुलाधिपति अपने पद के आधार पर विश्वविद्यालय का प्रधान होगा।

(13) कुलाधिपति, यदि उपस्थित होगा, डिग्रियां प्रदान करने के लिए आयोजित विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोहों की अध्यक्षता करेगा।''

6. धारा 9.–"(1)कुलाधिपति"शब्द का लोप किया जाएगा।

7. धारा 10.–धारा 10 का लोप किया जाएगा।

8. धारा 11क का अंत:स्थापन–धारा 11 के पश्चात्, निम्नलिखित धारा अंत:स्थापित की जाएगी अर्थात:-

कुलपति के कार्यकाल का विस्तार। **"11क.**इस अधिनियम या संविधि में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, कुलाधिपति, कुलपति के कार्यकाल को ऐसी अवधि के लिए विस्तार कर सकता है, जो पदधारक के कार्यकाल के अवसान की तारीख से एक वर्ष से अधिक नहीं होगी।''

9. धाराएं 15क से 15ग का अंत:स्थापन –धारा 15 के पश्चात्, निम्नलिखित धाराएं अंत:स्थापित की जाएंगी, अर्थात्:-

सेवानिवृत्ति आयु

15क. (1) *दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीव विश्वविद्यालय तथा दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीव विश्वविद्यालय के संबद्ध महाविद्यालयों ,चाहे सरकार द्वारा सहायता प्राप्त है या नहीं, के शिक्षण कर्मचारीवृंद जिसमें ऐसे महाविद्यालयों के प्राचार्य भी शामिल हैं, की अधिवर्षिता पर सेवानिवृत्ति आयु पैंसठ वर्ष होगी।*

परंतु उपर्युक्त शिक्षण कर्मचारीवृंद का कोई भी सदस्य, जो पैंसठ (65) वर्ष में अधिवर्षिता पर सेवानिवृत्त होने वाला है, शिक्षण कर्मचारीवृन्द के ऐसे सदस्य को उस माह के, जिसमें अधिवर्षिता की आयु प्राप्त होती है, अंतिम दिवस के अपराह्न से सेवानिवृत्त होने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा।

(2) *दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीव विश्वविद्यालय तथा दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीव विश्विद्यालय के संबद्ध महाविद्यालयों, चाहे सरकार द्वारा सहायता प्राप्त है या नहीं, के शिक्षण कर्मचारीवृंद से भिन्न व्यक्तियों की अधिवर्षिता पर सेवानिवृत्ति आयु साठ वर्ष मात्र होगी।*

विश्वविद्यालय और इसके प्राधिकारियों पर पाबंदी

15.ख दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीव विश्वविद्यालय या उस विषय के लिए इस अधिनियम के अधीन किसी भी प्राधिकरण को दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीव विश्वविद्यालय के किसी शिक्षण कर्मचारीवृंद अथवा किसी अन्य कर्मचारी अथवा उक्त विश्वविद्यालय के सहायता प्राप्त अथवा गैर सहायता प्राप्त महाविद्यालयों के किसी शिक्षण कर्मचारीवृंद अथवा किसी अन्य कर्मचारी की सेवानिवृत्ति की आयु अथवा सेवा में विस्तार

विषय से संबंधित कोई संविधि बनाने की कोई शक्तियां नहीं होगी और यदि ऐसी कोई शक्तियां इस अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार प्रदत्त हुई हैं तो वे, उस सीमा तक, निरसित हो जाएंगी। इस प्रकार बनाई या विद्यमान कोई भी संविधि, उस सीमा तक, जहां तक वह दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीव (केंद्रीय विधियों और राज्य विधियों का अनुकूलन) चतुर्थ आदेश, 2022 के किन्हीं प्रावधानों का उल्लंघन करती है, शून्य मानी जाएगी और इसका कोई प्रभाव नहीं होगा।

15ग इस अधिनियम अथवा विश्वविद्यालय की संविधियों और अध्यादेशों या तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि या अधिसूचना, नियमों, विनियमों, डिग्री, न्यायालय के किसी आदेश या निर्णय, परिपत्रों अथवा अनुदेशों के किन्हीं अन्य उपबंधों में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीव विश्वविद्यालय का प्रत्येक कर्मचारी और दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीव विश्वविद्यालय के संबद्ध महाविद्यालयों, चाहे सहायता प्राप्त हैंअथवा नहीं, का प्रत्येक कर्मचारी, जो गैर शिक्षण श्रेणी में आता है, ''घ'' श्रेणी के कर्मचारियों के सिवाय, साठ वर्ष की आयु में अधिवर्षिता पर सेवानिवृत्त होगा।''

10. धारा 23. उप-धारा (5) के परंतुक में, "और ऐसी संविधियां विधानसभा के समक्ष रखी जाएंगी'' शब्दों का लोप किया जाएगा।"

11. धाराएं 25क और 25ख का अंत:स्थापन–धारा 25 के पश्चात्, निम्नलिखित धारा अंत:स्थापित की जाएगी, अर्थात् :-

विश्वविद्यालय के कतिपय प्रस्तावों पर सरकार का पूर्व अनुमोदन

"25क. -(1) इस अधिनियम के किन्हीं अन्य उपबंधों में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, विश्वविद्यालय, समय-समय पर, विश्वविद्यालय के ऐसे प्रस्तावों पर सरकार का अनुमोदन प्राप्त करेगा, जिनमें से प्रत्येक की राशि इस प्रयोजनार्थ सरकार द्वारा विहित राशि से अधिक है और इनका निष्पादन विश्वविद्यालय को सरकार द्वारा स्वीकृत अनुदानों पर प्रभारित करके किया जाना है।

(2) सरकार विश्वविद्यालय से अपेक्षा कर सकती है कि वह सरकार द्वारा प्रदान किए गए अनुदानों में से उपगत या उपगत किए जाने के लिए प्रस्तावित व्यय का ब्योरा एवं अभिलेख प्रस्तुत करे और विश्वविद्यालय तदुपरांत उसके विनिर्दिष्ट समय के भीतर सरकार को उक्त ब्योरे एवं अभिलेख प्रस्तुत करेगा।

(3) सरकार द्वारा स्वीकृत रकम में से किए गए व्यय को विनियमित एवं नियंत्रित करने के लिए, सरकार, उपर्युक्त उप-धारा (1) के संदर्भ में विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों को अनुमोदित या अस्वीकृत कर सकती है या विश्वविद्यालय को उसके बारे में ऐसे निदेश दे सकती है, जो वह उचित समझे। विश्वविद्यालय सरकार द्वारा उसके लिए विनिर्दिष्ट समय, यदि कोई है, के भीतर ऐसे निदेशों का पालन करेगा।

(4) इस धारा के प्रयोजनार्थ, सरकार इन विषयों को देखने के लिए सरकारी अधिकारी की नियुक्ति के लिए पालन की जाने वाली ऐसी प्रक्रिया तथा निबंधन एवं शर्तें विहित कर सकती है जो वह उचित समझे।

नियम बनाने की शक्ति

25ख.सरकार, विश्वविद्यालय के परामर्श से, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, इस अधिनियम के उपबंधों, विशेषकर धारा 25क के उपबंधों को कार्यान्वित करने के लिए नियम बना सकती है।

परंतु इस धारा के अधीन नियम बनाने के प्रथम अवसर पर विश्वविद्यालय के साथ परामर्श आवश्यक नहीं होगा किंतु सरकार किन्हीं ऐसे सुझावों को ध्यान में लेगी जो विश्वविद्यालय ऐसे नियमों, उनके बनाए जाने के बाद, में संशोधन के संबंध में देता है।''

12. धारा 27.–

(i) उप-धारा (3)के स्थान पर, निम्नलिखित उप-धारा अंत:स्थापित की जाएगी, अर्थात्:-

"(3) वार्षिक लेखाओं पर कुलाधिपति द्वारा किए गए किसी प्रेक्षण पर कार्यकारी परिषद द्वारा विचार किया जाएगा और

उसके बारे में इसकी व्याख्या/स्पष्टीकरण को कुलाधिपति को प्रस्तुत किया जाएगा।

(ii) उप-धारा (4)में, "जो यथाशीघ्र, इसे विधान सभा के समक्ष रखे जाने के लिए कारित करेगा" शब्दों का लोप किया जाएगा।

13. धारा 31.–उप-धारा (2)में,"1925" के स्थान पर "1952"रखा जाएगा।

14. धारा 38.–खंड (क) में "प्रथम कुलाधिपति और"शब्दों का लोप किया जाएगा।

15. धारा 39.–धारा 39 के स्थान पर, निम्नलिखित धारा रखी जाएगी, अर्थात्:-

बम्बई विश्वविद्यालय, गुजरात विश्वविद्यालय, गुजरात प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, सौराष्ट्र विश्वविद्यालय, सावित्रीबाई फूले पुणे विश्वविद्यालय अथवा वीर नर्मद दक्षिण गुजरात विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों अथवा संस्थानों में अध्ययन के पाठ्क्रमों को पूरा किया जाना .

"39. इस अधिनियम अथवा संविधियों, अध्यादेशों और विनियमों में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, संघ राज्यक्षेत्र के भीतर स्थित और बम्बई विश्वविद्यालय, गुजरात विश्वविद्यालय, गुजरात प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, सौराष्ट्र विश्वविद्यालय, सावित्रीबाई फूले पुणे विश्वविद्यालय अथवा वीर नर्मद दक्षिण गुजरात विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालय अथवा संस्थान के किसी छात्र, जो दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीव (केंद्रीय विधियों और राज्य विधियों का अनुकूलन) चतुर्थ आदेश, 2022 के प्रारंभ की तारीख से ठीक पहले अध्ययन कर रहा था अथवा परीक्षा के लिए पात्र था, को उसकी तैयारी में उसके पाठ्यक्रम को पूरा करने की अनुमति दी जाएगी, और विश्वविद्यालय ऐसी रीति का उपबंध करेगा जो वह बम्बई विश्वविद्यालय, गुजरात विश्वविद्यालय, गुजरात प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, सौराष्ट्र विश्वविद्यालय, सावित्रीबाई फूले पुणे विश्वविद्यालय अथवा वीर नर्मद दक्षिण गुजरात विश्वविद्यालय के अध्ययन के पाठ्यक्रमों के अनुसार ऐसे छात्र के अनुदेश, शिक्षण और प्रशिक्षण के लिए निर्णय करें तथा ऐसे छात्रों को बम्बई विश्वविद्यालय, गुजरात विश्वविद्यालय, गुजरात प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, सौराष्ट्र विश्वविद्यालय, सावित्रीबाई फूले पुणे विश्वविद्यालय अथवा वीर नर्मद दक्षिण गुजरात विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न परीक्षाओं में बैठने के लिए ऐसी अवधि अथवा अवधियों के लिए अनुमति दी जाएगी जो समुचित विश्वविद्यालय निर्णय करे, तथा वह बम्बई विश्वविद्यालय, गुजरात विश्वविद्यालय, गुजरात प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, सौराष्ट्र विश्वविद्यालय, सावित्रीबाई फूले पुणे विश्वविद्यालय अथवा वीर नर्मद दक्षिण गुजरात विश्वविद्यालय की डिग्री, डिप्लोमा, प्रमाण पत्र अथवा कोई अन्य विशिष्टता प्राप्त करने के लिए प्राप्त होगा।"

16. धारा 39क का अंत:स्थापन–धारा 39 के पश्चात्, निम्नलिखित धारा अंत:स्थापित की जाएगी अर्थात:-

स्नातकोत्तर अनुदेश और अनुसंधान केंद्र का प्रभार लेना

"39क. (1) ऐसी तारीख से, जो बम्बई विश्वविद्यालय, गुजरात विश्वविद्यालय, गुजरात प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, सौराष्ट्र विश्वविद्यालय, सावित्रीबाई फूले पुणे विश्वविद्यालय अथवा वीर नर्मद दक्षिण गुजरात विश्वविद्यालय के परामर्श से विश्वविद्यालय द्वारा नियत की जाए, विश्वविद्यालय दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीव में प्रचालित स्नातकोत्तर अनुदेश और अनुसंधान केंद्र का प्रभार लेगा तथा उस तारीख से ठीक पहले उस केंद्र में निहित सभी अधिकार, हक और देयताएं विश्वविद्यालय में निहित हो जाएंगी।

(2) विश्वविद्यालय, जो और जब वह उचित समझे, यह घोषित कर सकता है कि उप-धारा (1) के अधीन उसके द्वारा प्रभार में लिए गए केंद्र को ऐसी तारीख से बंद कर दिया जाएगा जो घोषणा में विनिर्दिष्ट की जाए तथा केंद्र को तदनुसार बंद माना जाएगा:

परंतु किसी भी छात्र को, जो उस तारीख से ठीक पहले उस केंद्र में अध्ययन कर रहा था, अध्ययन के अपने पाठ्यक्रम को पूरा करने की अनुमति दी जाएगी तथा विश्वविद्यालय उस तारीख से पांच वर्षों की अवधि के लिए उसे अनुदेश, शिक्षण एवं प्रशिक्षण प्रदान करेगा तथा ऐसा छात्र ऐसी परीक्षा देने के लिए पात्र होगा:

परंतु यह और कि कोई अन्य छात्र, जो उस तारीख से ठीक पहले बम्बई विश्वविद्यालय, गुजरात विश्वविद्यालय, गुजरात प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, सौराष्ट्र विश्वविद्यालय, सावित्रीबाई फूले पुणे विश्वविद्यालय अथवा वीर नर्मद दक्षिण गुजरात विश्वविद्यालयकी किसी परीक्षा के लिए पात्र था, ऐसी परीक्षा दे सकेगा।"

17. अनुसूची में .—

(i) खंड (1), उप खंड 4 (i) में, ''प्रति माह तीन हजार रुपए के'' शब्दों के स्थान पर ''जैसा कुलाधिपति द्वारा समय-समय पर नियत किया जाए'' शब्द रखे जाएंगे";

(ii) खंड (1) के उप खंड (5) में, ''प्रोफेसर'' शब्द के स्थान पर ''डीन'' शब्द रखा जाएगा;

(iii) खंड (3) के उप खंड (1) के परंतुक में, ''साठ वर्ष'' के स्थान पर ''पैंसठ वर्ष'' शब्द रखा जाएगा;

(iv) खंड (4) के उप खंड (2) के दोनों परंतुकों में, ''साठ वर्ष'' के स्थान पर ''पैंसठ वर्ष'' शब्द रखा जाएगा;

(v) खंड 15 के स्थान पर, निम्नलिखित रखे जाएंगे -

(1) विश्वविद्यालय द्वारा अनुरक्षित कॉलेज एवं संस्थान में प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, सहायक प्रोफेसर, विभागाध्यक्ष, व्याख्याता (चयनग्रेड, व्याख्याता (वरिष्ठ स्केल), व्याख्याता, पुस्तकालयाध्यक्ष, सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष, डीन और प्राचार्य के पदों पर नियुक्ति के लिए कार्यकारी परिषद को सिफारिश करने के लिए चयन समिति होगी।

(2) नीचे तालिका के स्तंभ 1 में विनिर्दिष्ट पदों पर नियुक्ति के लिए चयन समिति कुलपति, कुलाधिपति के नाम निर्देशिती और उक्त तालिका के स्तंभ 2 में विनिर्दिष्ट व्यक्तियों को मिलाकर बनेगी तथा ऐसे विभाग में, जहां कोई विभागाध्यक्ष नहीं है, प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, सहायक प्रोफेसर, विभागाध्यक्ष, व्याख्याता (चयन ग्रेड), व्याख्याता (वरिष्ठ स्केल) अथवा व्याख्याताओं की नियुक्ति की दशा में, यह समिति अपने सदस्यों से योजना मंडल द्वारा नामनिर्देशित व्यक्ति को भी मिलाकर बनेगी।

प्रोफेसर/एसोसिएट प्रोफेसर/सहायक प्रोफेसर	(i) संबंधित संकाय/कार्यक्रम का डीन। (ii) संबंधित विभाग/केंद्र का प्रधान यदि वह प्रोफेसर है और डीन नहीं है; (iii) एक प्रोफेसर, जिसे कुलपति द्वारा नामनिर्देशित किया जाए; तथा शैक्षणिक परिषद द्वारा सिफारिश किए गए नामों के पैनल से कार्यकारी परिषद द्वारा नामनिर्देशित तीन व्यक्तियों, जो विश्वविद्यालय की सेवा में नहीं है और जिनको ऐसे विषय, जिससे यथास्थिति, प्रोफेसर संबंधित होगा, का विशेष ज्ञान होगा अथवा उसमें अभिरूचि होगी।
विभागाध्यक्ष/व्याख्याता (चयन ग्रेड)/ व्याख्याता (वरिष्ठ स्केल)/व्याख्याता	(i) संबंधित विद्यालय का डीन; (ii) संबंधित विभाग/केंद्र का प्रधान यदि वह डीन नहीं है; (iii) एक प्रोफेसर, जिसे कुलपति द्वारा नामनिर्देशित किया जाए; तथा शैक्षणिक परिषद द्वारा सिफारिश किए गए नामों के पैनल से कार्यकारी परिषद द्वारा नामनिर्देशित दो व्यक्तियों, जो विश्वविद्यालय की सेवा में नहीं है और जिनको ऐसे विषय, जिससे यथास्थिति, विभागाध्यक्ष/व्याख्याता संबंधित होगा, का विशेष ज्ञान हो अथवा उसमें अभिरूचि हो।
पुस्तकालयाध्यक्ष/सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष	(i) कार्यकारी परिषद द्वारा नामनिर्देशित किए जाने वाले दो व्यक्ति, जो विश्वविद्यालय की सेवा में नहीं हैं, जिनको पुस्तकालय विज्ञान, अथवा पुस्तकालय प्रशासन के विषय का विशेष ज्ञान हो; तथा । एक, ऐसा व्यक्ति, जो विश्वविद्यालय की सेवा में नहीं हो, कार्यकारी परिषद द्वारा नाम निर्देशित हो।
विश्वविद्यालय द्वारा अनुरक्षित महाविद्यालय और संस्थान का डीन/प्राचार्य	तीन ऐसे व्यक्ति जो विश्वविद्यालय की सेवा में नहीं हो, जिनमें से दो व्यक्तियों को कार्यकारी परिषद द्वारा और एक व्यक्ति को शैक्षणिक परिषद द्वारा नामनिर्देशित किया जाएगा, जिनके पास उस विषय का ज्ञान अथवा उसमें अभिरूचि हो, जिसमें उस महाविद्यालय अथवा

	संस्थान द्वारा अनुदेश प्रदान किया जा रहा है।

टिप्पणी : (1) जहां नियुक्ति अंतर विषयक परियोजना के लिए की जा रही है वहां परियोजना का प्रमुख संबंधित विभाग/केंद्र का प्रधान माना जाएगा।

(2) नामनिर्देशित किए जाने वाला प्रोफेसर उस विशेषज्ञता, जिसके लिए चयन किया जा रहा है, से संबंधित प्रोफेसर होगा और यह कि कुलपति ऐसे प्रोफेसर को नामनिर्देशित करने से पहले विभाग/केंद्र के प्रधान और विद्यालय के डीन से परामर्श करेगा।

(3) कुलपति चयन समिति की बैठकों की अध्यक्षता करेगा।

(4) चयन समिति की बैठकें कुलपति द्वारा अथवा उसकी अनुपस्थिति में रजिस्ट्रार द्वारा बुलाई जाएंगी।

(5) सिफारिशें करने में चयन समिति द्वारा पालन की जाने वाली प्रक्रिया ऐसी होगी जो अध्यादेशों में अधिकथित की जाए।

(6) यदि कार्यकारी परिषद, चयन समिति द्वारा की गई सिफारिशों को स्वीकार करने में असमर्थ है तो वह अपने कारणों को अभिलेखित करेगी और अंतिम आदेशों के लिए कुलाधिपति को मामला प्रस्तुत करेगी।

(7) अस्थायी पदों पर नियुक्तियां नीचे दर्शाई गई रीति में की जाएंगी :-

(i) यदि अस्थायी रिक्ति एक शैक्षणिक सत्र से अधिक अवधि के लिए है तो इसे पूर्वगामी खंड में उपदर्शित प्रक्रिया के अनुसार चयन समिति की सलाह पर भरा जाएगा:

परंतु यह कि यदि कुलपति का यह समाधान हो जाता है कि कार्य के हित में रिक्ति को भरा जाना आवश्यक है तो नियुक्ति उप-खंड (ii)में निर्दिष्ट स्थानीय चयन समिति द्वारा विशुद्ध रूप से अस्थायी आधार पर छह माह से अनधिक अवधि के लिए की जा सकेगी।

(ii) यदि अस्थायी रिक्ति एक वर्ष से कम अवधि के लिए है तो ऐसी रिक्ति पर नियुक्ति संबंधित संकाय के डीन, विभागाध्यक्ष और कुलपति के नामनिर्देशिती से मिलकर बनी स्थानीय चयन समिति की सिफारिश की जाएगी;

परंतु यह कि यदि एक ही व्यक्ति डीन और विभागाध्यक्ष के पद धारित करता है, तो चयन समिति कुलपति के दो नाम निर्देशितियों को रख सकती है;

परंतु यह और कि मृत्यु अथवा किसी अन्य कारण से शिक्षण पदों में उत्पन्न अचानक आकस्मिक रिक्तियों की दशा में, डीन संबंधित विभागाध्यक्ष के परामर्श से एक माह के लिए अस्थायी नियुक्ति कर सकता है, और ऐसी नियुक्ति के बारे में रजिस्ट्रार को सूचित कर सकता है।

(iii) अस्थायी रूप से नियुक्त किसी भी शिक्षक को यदि उसकी इन कानूनों के अधीन नियुक्ति के लिए नियमित चयन समिति द्वारा सिफारिश नहीं की जाती है, तो वह ऐसे अस्थायी नियोजन पर सेवा में बना नहीं रह सकेगा जब तक कि उसे बाद में, यथास्थिति अस्थायी अथवा स्थायी नियुक्ति के लिए स्थानीय चयन समिति अथवा नियमित चयन समिति द्वारा चयनित नहीं कर लिया जाए।''

3. गोवा राज्य उच्चतर शिक्षा परिषद अधिनियम, 2018

(2018 का 14)

(दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीव संघ राज्य क्षेत्र के लिए अनुकूलित)

1.मूल अधिनियम में, विस्तृत नाम में, उद्देशिका में, संक्षिप्त नाम में, धारा 2 के खंड (ख) और (ड.) में, और धारा 3 की उप धारा (1), उपधारा (2) के खंड (क) और (ड.) तथा उप-धारा (3) में, ''गोवा'' शब्द जहां कहीं भी आया है वहां उसके स्थान पर ''दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीव संघ राज्य क्षेत्र'' शब्द रखे जाएंगे।

2. धारा 1.–उप-धारा (2) में, ''गोवा राज्य'' के स्थान पर ''दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीव संघ राज्य क्षेत्र'' शब्द रखे जाएंगे।

3. धारा 2.–

(i) खंड (ख) में, ''गोवा सरकार'' शब्द के स्थान पर''दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीव संघ राज्य क्षेत्र'' शब्द रखे जाएंगे।''

(ii) खंड (ज) के स्थान पर, निम्नलिखित खंड रखा जाएगा, अर्थात्:-

"(ज) "सरकार" से संविधान के अनुच्छेद 239 के अधीन राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त प्रशासक की अध्यक्षता में दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीव संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन अभिप्रेत है।''

(iii) खंड (त) में, ''गोवा राज्य'' के स्थान पर, ''दादरा और नागर हेवली और दमण और दीव संघ राज्य क्षेत्र'' शब्द रखे जाएंगे।''

4. धारा 3.–

(i) उप-धारा (2) के खंड (क) में, ''मुख्यमंत्री'' शब्द के स्थान पर ''प्रशासक'' शब्द रखा जाएगा।

(ii) उप-धारा (2) के खंड (ग) के स्थान पर, निम्नलिखित खंड रखा जाएगा, अर्थात्:-

"(ग) सचिव, शिक्षा, वित्त सचिव, उच्चतर शिक्षा निदेशक और तकनीकी शिक्षा निदेशक पदेन सदस्य होंगे।''

5. धारा 5.–

(i) खंड (न) में, ''।'' के स्थान पर " ; ''रखे;"

(ii) उप-धारा (2) के खंड (न) के पश्चात्, निम्नलिखित खंड अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात:-

"(प) सरकार द्वारा समनुदेशित कोई अन्य कार्य।"

6. धारा 22.–

(i) उप-धारा (1) को धारा 22 के रूप में पुनर्संख्यांकित करें।

(ii) उप-धारा (2) का लोप करें।

7. धारा 24.–

(i) उप-धारा (1) को धारा 24 के रूप में पुनर्संख्याकिंत करें।

(ii) उप-धारा (2) का लोप करें।

4. गोवा, दमण और दीव विद्यालय शिक्षा अधिनियम, 1984

(1985 का 15)

1. मूल अधिनियम के दीर्घ शीर्ष की उद्देशिका के लघु शीर्ष में, धारा 1 की उप-धारा (2) में और धारा 2 के खंड (ध) और (य) तथा धारा 24 की उप-धारा (1) और उप-धारा (2) के खंड (क) में ''गोवा'' शब्द जहां कहीं भी आया हो के स्थान पर ''दादरा और नागर हवेली तथा'' शब्द रखें।

2. धारा 2.–

(i) खंड (च) और (ञ) में, ''गोवा सरकार'' शब्द के स्थान पर''दादरा और नागर हवेलीसंघ राज्यक्षेत्र प्रशासन तथा'' शब्द रखें।"

(ii) खंड (1) के उप-खंड (i) में, ''गोवा, दमण और दीव नागर पालिका अधिनियम, 1968'' के स्थान पर ''दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीव नागर पालिका परिषद विनियम, 2004 (2014 का 2)'' रखें। ".

(iii) खंड (।) के उप-खंड (ii) में, ''गोवा, दमण और दीव ग्राम पंचायत विनियम, 1962'' के लिए ''दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीव पंचायत विनियम, 2012 (2012 का 5)'' रखें।"

(iv) खंड (न) के पश्चात, निम्नलिखित खंडअंतस्थापित किया जाएगा, अर्थात:-

"(नन)", ''आवासीय विद्यालय'' से एक ऐसा विद्यालय अभिप्रेत है जो अपने छात्रों को रहने एवं खाने-पीने की सुविधाएं प्रदान करता है,

(च) "विद्यालय" से पूर्व-प्राथमिक, प्राथमिक विद्यालय, माध्यमिक विद्यालय, उच्चतरमाध्यमिक विद्यालय या ऐसे विद्यालयअथवा किसी अन्य संस्थाओं का कोई भाग अभिप्रेत है जो डिग्री स्तर से नीचे की शिक्षाअथवा प्रशिक्षण प्रदान करता है जिसमें ऐसी संस्था, जो व्यावसायिक शिक्षा प्रदान करती हैं तथा आश्रम विद्यालय (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और घुमंतू जनजातियों के बच्चों के लिए आवासीय विद्यालय) शामिल हैं;

(V) खंड (भ) के स्थान पर निम्नलिखित खंड रखा जाएगा, अर्थात:-

(भ) "अधिकरण" से प्रशासनिक अधिकरणअभिप्रेत है;

3. धारा 4 - धारा 4 के स्थान पर, निम्नलिखित उप-धारा रखी जाएगी, अर्थात:-

"(1) सरकार इस अधिनियम और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार संघ राज्यक्षेत्र में सभी विद्यालयों में शिक्षा को विनियमित कर सकती है।

(2) सरकार को संघ राज्यक्षेत्र में विद्यालय शिक्षा के योजनाबद्ध विकास हेतु उपबंध करने के लिए समर्थ बनाने की दृष्टि से, प्रत्येक व्यक्ति, व्यक्तियों का संगम, सोसाइटी अथवा न्यास, जो विद्यालयों अथवा विद्यमान विद्यालय में अतिरिक्त कक्षाएं स्थापित करने के इच्छुक है, यथास्थिति, ऐसे विद्यालय स्थापित करने अथवा विद्यमान विद्यालय में अतिरिक्त कक्षाएं खोलने के पूर्व, ऐसी रीति में और ऐसे फीस का भुगतान करके, जो विहित किए जाएं, लिखित में निदेशक को आवेदन करेगा।

(3) निदेशक, उसको किए गए आवेदन में विनिर्दिष्ट विवरणों पर विचार करने के पश्चात्, ऐसे व्यक्ति, व्यक्तियों के संगम, सोसाइटी अथवा न्यास को, आवेदित जोन ओर क्षेत्र में यथास्थिति, विद्यालय स्थापित करने अथवा विद्यमान विद्यालय में अतिरिक्त कक्षाएं खोलने की अनुमति दे सकता है;

परंतु यह कि निदेशक, यदि उसकी यह राय है कि ऐसे जोन अथवा क्षेत्र, जहां विद्यालय स्थापित किया जाना प्रस्तावित है अथवा जहां अतिरिक्त कक्षाएं खोला जाना प्रस्तावित है, में विद्यमान विद्यालयों की संख्या उस जोन अथवा क्षेत्र की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त है, आवेदकों को सूचित करेगा कि उस जोन अथवा क्षेत्र में यथा स्थिति, विद्यालय स्थापित करना अथवा विद्यमान विद्यालय में अतिरिक्त कक्षाएं स्थापित करना जनहित में नहीं होगा और वह ऐसे जोन अथवा क्षेत्र को उपदर्शित कर सकता है जिसको उस की राय में यथास्थिति, नए विद्यालय अथवा अतिरिक्त कक्षाओं की आवश्यकता है, अथवा आवेदन को अस्वीकार कर सकता है।

(4) दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीव (केंद्रीय विधियों और राज्यविधियों का अनुकूलन) चतुर्थ आदेश, 2022 के प्रारंभ की तारीख से ही, संघ राज्यक्षेत्र में नया विद्यालय स्थापित करनाअथवा किसी कक्षा अथवा किसी कक्षा का सेक्शन खोलना अथवा किसी विद्यमान विद्यालय में विद्यमान कक्षा अथवा विद्यमान कक्षा में किसी सेक्शन को बंद करना इसअधिनियमऔर उसकेअंतर्गतबनाएगएनियमोंकेअध्यधीन होगा तथा इस अधिनियम और इसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों से भिन्न किन्ही उपबंधो के अनुसार स्थापित अथवा खोले गए किसी विद्यालय अथवा कक्षा अथवा सेक्शन को समुचित प्राधिकरण द्वारा मान्यता प्रदान नहीं की जाएगी।

(5) निदेशक की पूर्व अनुमति के बिना किसी विद्यालय की स्थापना करने वाला, या विद्यमान विद्यालय में अतिरिक्त कक्षाएं खोलने वाला, कोई भी व्यक्ति या व्यक्तिसमूह या सोसाइटी या न्यास का सचिव, जैसा भी मामला हो, दोषसिद्धि

होने परऐसी अवधि के लिए कारावास,जो छह महीने तक का हो सकेगा या जुर्माना जो पचास हजार रुपये तक का हो सकेगा या दोनों से दंडनीय होगा, और इस प्रकार स्थापित विद्यालय या कक्षा को बंद कर दिया जाएगा और छात्रों को निकटतम विद्यालय में पुनः प्रवेश दिया जाएगा।

(6) इस धारा में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीव (केंद्रीय विधियों और राज्य विधियों का अनुकूलन) चतुर्थ आदेश, 2022 के लागू होने से पहले एक नया विद्यालय स्थापित करने की कोई अनंतिम अनुमति इस शर्त के अधीन अनुमोदित की जा सकती है कि ऐसा विद्यालय निदेशक के समाधान के अनुरूप निर्धारित अन्य अवसंरचनात्मक आवश्यकताओं को पूरा करता है। ऐसा विद्यालय किसी भी प्रकार के सरकारी अनुदान के लिए हकदार नहीं होगा, चाहे उसके शिक्षा का माध्यम कुछ भी हो।"

4. धारा 5.–

(i) उप-धारा (1) के खंड (च) में, "अभ्यास" के पश्चात् "विशेष आवश्यकता वाले बच्चे"अंतःस्थापित किए जाएंगे और "और" का लोप किया जाएगा।

(ii) उप-धारा (1) के खंड (छ) में, "इसके अधीन" के स्थान पर "इसके अधीन; तथा" रखा जाएगा।

(iii) उप-धारा (1) के खंड (छ) के बाद, निम्नलिखित खड अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात्: -

"(ज) समय-समय पर यथा विहित अन्य सभी शर्तों को पूरा करता है।"

(iv) उप-धारा (5) के पश्चात्, निम्नलिखित उप-धारा अंतःस्थापित की जाएगी, अर्थात्:-

"(6) विहित प्राधिकारी, आदेश द्वारा, किसी भी विद्यालय को मान्यता प्रदान कर सकता है, जिसने किसी वास्तविक कारणों से पहले मान्यता प्राप्त नहीं की थी, यदि विद्यालय उप-धारा (1) के परंतुक में निर्दिष्ट शर्तों को पूरा करता है और मान्यता के लिए विहितप्ररूप में और विहित रीति से आवेदन करता है।"

5. धारा 8.– उप- धारा (1) और (2) में, "उच्चतर" से पहले "माध्यमिक" अंतःस्थापित किया जाएगा।

6. धारा 10.– उप-धारा (2) के खंड (क) और (3) में "अनुरक्षण" के पश्चात् "वेतन" अंतःस्थापित किया जाएगा।

7. धारा 11.–

(i) उप-धारा (1) के परंतुकों का लोप किया जाएगा।

(ii) उप-धारा (1) के पश्चात, निम्नलिखित उप-धारा अंतःस्थापित की जाएगी, अर्थात्:-

"(1क) इस अधिनियम या इसके अधीन बनाए गए नियमों या तत्समय प्रवृत्त किसी विधि या किसी अधिसूचना, विनियम, आज्ञा (डिक्री), आदेश, परिपत्र, निर्णय या अनुदेश के किसी अन्य उपबंध में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए, किसी मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय, चाहे सहायता प्राप्त हो या नहीं, का प्रत्येक कर्मचारीसाठ वर्ष की आयु में सेवानिवृत्त हो जाएगा। "।

(iii) उप-धारा (2) के स्थान पर, निम्नलिखित उप-धारा रखी जाएगी, अर्थात्:-

"(2) इस निमित्त बनाए जाने वाले किसी भी नियम के अध्यधीन, किसी सहायता प्राप्त विद्यालय के किसी भी कर्मचारी को, निदेशक के पूर्व अनुमोदन के सिवाय बर्खास्त, हटाया, रैंक में कम, अनिवार्य रूप से सेवानिवृत्त नहीं किया जाएगा या अन्यथा उसकी सेवा समाप्त नहीं की जाएगी।"

(iv) उप-धारा (2) के पश्चात्, निम्नलिखित उप-धारा अंतःस्थापित की जाएगी, अर्थात्: -

"(2क) जहां किसी मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय की प्रबंध समिति का यह सामाधान हो जाता है कि धारा 12 के अधीनविहित आचार संहिता के अर्थ के भीतर घोर कदाचार के कारण गैर सहायता प्राप्त अल्पसंख्यक विद्यालय के किसी कर्मचारी के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई आवश्यक है, तो वह उसे बर्खास्त कर सकता है, हटा सकता है, रैंक में कम कर सकता है, अनिवार्य रूप से सेवानिवृत्त कर सकता है या अन्यथा उसकी सेवा समाप्त कर सकता है और वह इस प्रकार की गई कार्रवाई की तारीख से पंद्रह दिनों के भीतर निदेशक को अपने द्वारा की गई कार्रवाई की सूचना देगा।"।

(v) उप-धारा (4) के स्थान पर, निम्नलिखित उप-धारा रखी जाएगी, अर्थात्:-

"(4) जहां किसी कर्मचारी को निलंबित करने या तत्काल निलंबन के इरादे से निदेशक को अवगत कराया जाता हैवहां,यदि उसका दोनों पक्षों को सुनने के बाद समाधान हो जाता है कि इस तरह के निलंबन के लिए पर्याप्त और उचित आधार हैं, तो वह ऐसे निलंबन के लिए अपनाअनुमोदन प्रदान कर सकता है ।

(vi) उप-धारा (4) के पश्चात, निम्नलिखित उप-धारा अंतःस्थापित की जाएगी, अर्थात्:-

(4क) जहां किसी कर्मचारी को उप-धारा (3) और (4) या उसके अधीन बनाए गए नियमों का उल्लंघन करते हुए निलंबित किया जाता है, वहाँ निदेशक निलंबन के आदेश का प्रतिसंहरण करने का निर्देश दे सकता है।"

(vii) उपधारा (5) और (6) का लोप किया जाएगा।

8. धारा 12.–उप-धारा (2) में -

(i) खंड (ट) में, "माता-पिता" के पश्चात्; "और" अंतर्विष्ट किया जाएगा।

(ii) उप-धारा (2) के खंड (ट) के बाद, निम्नलिखित उप-धारा अंतःस्थापित की जाएगी, अर्थात्:-

"(ठ) नैतिक अधमता के अपराध में संलिप्त"।

9. धारा 14.– धारा 14 का लोप किया जाएगा।

10. धारा 18.– उप-धारा (1) में, "पांच" के स्थान पर "छह" और "जून के पहले दिन" के स्थान पर "सितंबर के 30 वें दिन" रखा जाएगा।

11. धारा 19.– उप-धारा (3) में, "विवरण।" के पश्चात, "सरकार गैर-सहायता प्राप्त विद्यालय की ऐसी किसी भी फीस को विनियमित कर सकती है जो विहित की जाए" अंतःस्थापित किया जाएगा।

12. धारा 22.– उप-धारा (1) के खंड (ङ) के स्थान पर निम्नलिखित खंड रखा जाएगा, अर्थात्: -

"(ङ) किसी भी कर्मचारी को बर्खास्त करना, सेवा से हटाना या उसे रैंक में कम करना या उसे अनिवार्य रूप से सेवानिवृत्त करना या अन्यथा उसकी सेवाओं को यथास्थिति धारा 11 की उप-धारा (2), (2क), (4) और (4क) के अधीन समाप्त करना।"

13. धारा 23.–

(i) उप-धारा (1) के खंड (छ) में, "तीन" के स्थान पर "छह", "एक" के स्थान पर "दस" रखा जाएगा और परंतुक का लोप किया जाएगा।

(ii) उप-धारा (2) के पश्चात, निम्नलिखित उप-धारा अंतःस्थापित की जाएगी, अर्थात्:-

"(3) कोई न्यायालय अधिनियम की धारा 4 की उप-धारा (4) और अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के अधीन दंडनीय अपराध का संज्ञान नहीं लेगा, सिवाय तब जब निदेशक या इस संबंध में उसके द्वारा प्राधिकृत किसी व्यक्ति द्वारा उसकी शिकायत की गई हो। "।

14. धारा 24.–

(i) उप-धारा (2) के खंड (क) में, "गोवा, दमण और दीव माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड,पदेन" का लोप किया जाएगा।

(ii) उप-धारा (2) के खंड (ग) में, "तीन" के स्थान पर "चार" रखा जाएगा।

(iii) उपधारा (2) के खंड (छ) के स्थान पर निम्नलिखित खंड रखा जाएगा, अर्थात्:-

"(छ) दो निर्वाचित प्रतिनिधि;"।

(iv) उप) धारा-3) में, "मंत्री के लिए "शब्दों के स्थान पर "सचिव के लिए " रखे जाएंगे और (च) के पश्चात ''(छ)'' अंतःस्थापित किया जाएगा।"।

5. गुजरात राज्य वृत्ति, व्यापार, आजीविका और नियोजन कर अधिनियम, 1976

(1976 का 11)

(दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीवसंघ राज्य क्षेत्रों के लिए यथा अनुकूलित)

1. मूल अधिनियम के दीर्घ शीर्ष में, धारा 1 की उप-धारा (1) और (2) में, धारा 2 के खंड (घ) में, "गुजरात" जहां कहीं भी आया है वहां उसके स्थान पर, "दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीव" रखा जाएगा।

2. मूल अधिनियम की उद्देशिका में, धारा 1 की उप-धारा (2) में, धारा 2 के खंड (घ) में, धारा 3 की उप-धारा (1) में, धारा 6 की उप-धारा (1) के खंड (ii),में और अनुसूची 1 के क्रम संख्या 3 के खंड (viii) में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा तात्पर्य न हो, "राज्य"शब्द जहां कहीं भी आया हो वहां उसके स्थान पर "संघ राज्यक्षेत्र" रखा जाएगा।

3. मूल अधिनियम में, धारा 4 के परंतुक में, धारा 5 की उप-धारा (1) में और धारा 9 की उप-धारा (1) में, "सरकार" शब्द, जहाँ आया हो वहां उसके स्थान पर, "प्रशासन" शब्द रखा जाएगा।

4. धारा 1.- उप-धारा (3) में, "1 अप्रैल, 1976" शब्दों के स्थान पर "राजपत्र में इसके प्रकाशन की तिथि" शब्द रखे जाएंगे।

5. धारा 2.- (i) खंड (कक) के स्थान पर निम्नलिखित खंड रखा जाएगा, अर्थात्:-

"(कक) अभिहित प्राधिकारी से निम्नलिखित अभिप्रेत है, -

(i) दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीवनागर पालिक परिषद विनियम, 2004 के अधीन गठित एक नागर पालिका;

(ii) दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीव पंचायत विनियम, 2012 के अधीन गठित एक ग्राम पंचायत या जिला पंचायत;

या जैसा भी मामला हो, संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन, अथवा नागर पालिका या ग्राम पंचायत या जिला पंचायत के भंग रहने या अस्तित्व में न होने की स्थिति में उसकी शक्ति का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत कोई अधिकारी।

(ii) खंड (i) के स्थान पर निम्नलिखित खंड रखा जाएगा, अर्थात्:-

"अधिकरण" से संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन द्वारा विभिन्न जिलों के लिए यथाअधिसूचित प्रशासनिक अधिकरण अभिप्रेत है;"

6. धारा 5.-

(i) उपधारा (5) में, -

(क) "बीस" शब्दों के स्थान पर "दो सौ" शब्द रखे जाएंगे।

(ख) "दस" शब्दों के स्थान पर "पचास" शब्द रखे जाएंगे ।

(ii) उप-धारा (6) में, "एक" शब्दों के स्थान पर "पांच" शब्द रखे जाएंगे ।

7. धारा 6.- उप-धारा (3) में, "दस" शब्दों के स्थान पर "दो सौ" शब्द रखा जाएगा।

8. धारा 11.-

(i) पार्श्व शीर्ष में, "राजस्व" के पश्चात "या संपत्ति कर" अंतःस्थापित किया जाएगा।

(ii) उप-धारा (1) में, "राजस्व" के पश्चात "या संपत्ति कर का बकाया, जैसा भी मामला हो" अंतःस्थापित किया जाएगा।

(iii) उप-धारा (2) केखंड (i) में, "बम्बई भू-राजस्व संहिता, 1879" के स्थान पर "गोवा, दमण और दीव भू-राजस्व संहिता, 1968 और दादरा और नागर हवेली भू-राजस्व प्रशासन विनियम, 1971" रखा जाएगाऔर "उक्त संहिता" के पश्चात "या दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीवनागर परिषद विनियम, 2004 के अधीन मुख्य अधिकारी का" अंतःस्थापित किया जाएगा।

9. धारा 12—उप-धारा (2) में, —

(i) "गुजरात मूल्यवर्धित कर अधिनियम, 2003 (2005 का गुजरात अधिनियम संख्याक (1)की धारा 19 के अधीन गठित अधिकरण" के लिए "संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन एक ... का गठन करेगा" रखा जाएगा।

(ii) "और तदनुसार धारा 19 सहित अधिकरण से संबंधित उक्त अधिनियम के उपबंध, और उसके अधीन बनाए गए विनियम (इस अधिनियम के प्रयोजनार्थ अधिकरण पर उसके लागू होने में किए गए ऐसे संशोधनों के अध्यधीन), इस अधिनियम के प्रयोजनों के लिए ऐसे अधिकरण पर या उसके संबंध में लागू होगा" के स्थान पर "और उक्त अधिकरण द्वारा सुनवाई के संचालन के लिए नियम विहित करेगा" शब्द रखे जाएंगे।

(iii) पहले परंतुक के पश्चात्, निम्नलिखित परंतुक अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात्:-

"परंतु यह कि संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन किसी अन्य अधिनियम के अधीन गठित किसी भी अधिकरण को इस धारा के अधीन अधिकरण के रूप में नाम विर्दिष्ट कर सकता है और उक्त अधिकरण को ऐसे अतिरिक्त संसाधन प्रदान कर सकता है जो वह उचित समझे।"।

10. धारा 27- उपधारा (4) और (5) का लोप किया जाएगा।

11.धारा 29.–लोप किया जाएगा।

12. धारा 31.–लोप किया जाएगा।

13. अनुसूची I— (i) क्र. सं. 1 में,

(क) खंड (क) और (ख) के स्तम्भ 2 में, उपखंड (i), (ii), (iii), (iv) और (v) के लिए क्रमशः निम्नलिखित रखा जाएगा -

"(i) 10,000/- रुपये से कम

(ii) 10,000/- रुपये या उससे अधिक परंतु 20,000/- रुपये से कम

(iii) 20,000/- रुपये या उससे अधिक परंतु 40,000/- रुपये से कम

(iv) 40,000/- रुपये या अधिक परंतु 50,000/- रुपये से कम

(v) 50,000/- रुपये या उससे अधिक।"

(ख) खंड (क) और (ख) के स्तम्भ 3 में, निम्नलिखित रखा जाएगा -

"शून्य"

50/- रुपये प्रति माह

100/- रुपये प्रति माह

150/- रुपये प्रति माह

200/- रुपये प्रति माह"

(ii) क्रम संख्या 3 के स्तम्भ 2 के खंड (viii) में "(गुजरात 1962 का X)" के पश्चात "दादरा और नागर हवेली के क्षेत्र में यथाविस्तारित तथा दमण और दीव के क्षेत्र में यथालागू महाराष्ट्र सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 1960" अंतर्विष्ट किया जाएगा।

(iii) क्रम संख्या 7 के स्तम्भ 2 में "गुजरात मूल्यवर्धित कर अधिनियम, 2003 (गुजरात 2005 का 1)", जहां कहीं भी वे आए हैं, के स्थान पर "दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीव मूल्यवर्धित कर विनियम, 2005" रखा जाएगा।"

(iv) क्रम संख्या 10 को 12 के रूप में पुनर्सरुयांकित किया जाएगा और इस प्रकार क्रमसंख्या 12 से पहले निम्नलिखित क्रम संख्याक अंतर्विष्ट किया जाएगा—

10.	रेहड़ी-पटरी वालों के सिवायअन्य दुकानदार	2500/- प्रति वर्ष
11	रेहड़ी-पटरी वाले विक्रेता	600/- प्रति वर्ष

(v) खंड (1) की अनुसूची 1 की छूट में, कंपनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) के स्थान पर कंपनी अधिनियम, 2013 (2013 का 1) रखा जाएगा और और खंड (3) के पश्चात निम्नलिखित अंतःस्थापित किया जाएगा.-

"(4) इस अधिनियम की धारा 3 और अन्य उपबंधों में अंतर्विष्टकोई भी बात निम्नलिखित पर लागू नहीं होगी, -

(क) सेना अधिनियम, 1950 या वायु सेना अधिनियम, 1950 में यथापरिभाषित बलों के सदस्य और नौसेना अधिनियम, 1957 में यथापरिभाषित भारतीय नौसेना के सदस्य, जो संघ राज्य क्षेत्र के किसी भी हिस्से में सेवारतहों और सेना या वायु सेना या नौसेना के रूप में, जैसा भी मामला हो, वेतन एवं भत्ते प्राप्त कर रहे हों,जिसमें सहायक बलों या रिजर्व बलों के सदस्य,या संघ राज्य क्षेत्र के किसी भी हिस्से में सेवारत रिजर्व और सहायक बल और ऐसे सहायक बल या रिजर्व बल, या रिजर्व एवं सहायक सेवाओं के रूप में, जैसा भी मामला हो, रक्षा सेवाओं के बजटीय आवंटन के अधीन वेतन और भत्ते प्राप्त करते हैं, भी शामिल हैं;

(ख) वस्त्र उद्योग में बदली श्रमिक।

(ग) स्थायी शारीरिक अक्षमता (अंधापन सहित), राज्य सरकार द्वारा इस संबंध में बनाए गए नियमों में विनिर्दिष्ट स्थायी शारीरिक अक्षमता, से पीड़ित कोई भी व्यक्ति, जिसेकिसी सरकारी अस्पताल में कार्यरत,चिकित्सक, सर्जन या नेत्र रोग विशेषज्ञ, जैसा भी मामला हो, द्वारा इस प्रकार प्रमाणित किया गया है, और जिसका सामान्य काम करने या लाभकारी रोजगार या व्यवसाय करने की ऐसे व्यक्ति की क्षमता को काफी कम करने का प्रभाव हो:

परंतु यह कि ऐसा व्यक्ति या, जैसा भी मामला हो, नियोक्ता प्रथम निर्धारण वर्ष के संबंध में विहित प्राधिकारी के समक्ष पूर्वोक्त प्रमाण पत्र प्रस्तुत करता है, जिसके लिए वह इस उप-धारा के अधीन कटौती का दावा करता है:

परंतु यह और भी कि किसी सरकारी अस्पताल में कार्यरत चिकित्सक, सर्जन या नेत्र रोग विशेषज्ञ, जैसा भी मामला हो, से प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की आवश्यकता उस व्यक्ति पर लागू नहीं होगी, जिसने पहले ही इस उप-धारा के उपबंधों के तहत विहित प्राधिकारी के समक्ष प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया है।

स्पष्टीकरण. - इस उप-धारा के प्रयोजनार्थ, "सरकारी अस्पताल" पद में सरकारी कर्मचारियों के एक वर्ग या वर्गों और उनके परिवारों के सदस्यों की चिकित्सा और उपचार के लिए सरकार के किसी विभाग द्वारा स्थापित और संचालित एक विभागीय औषधालय, पूर्णकालिक या अंशकालिक,किसी स्थानीय प्राधिकारी द्वारा संचालित अस्पताल और कोई अन्य अस्पताल जिसके साथ सरकारी कर्मचारियों के इलाज के लिए सरकार द्वारा व्यवस्था की गई है, शामिल हैं;

(घ) लघु बचत निदेशालय की महिला प्रधान क्षेत्रीय बचत योजना के अधीन विशेष रूप से अभिकर्ता के रूप में कार्यरत महिलाएं;

(ङ) इस निमित्त में बनाए गए नियमों में विनिर्दिष्ट और किसी सरकारी अस्पताल में कार्यरत मनोचिकित्सक द्वारा यथाप्रमाणित मानसिक मंदता से पीड़ित किसी व्यक्ति के माता-पिता या अभिभावक:

परंतु यह कि ऐसा व्यक्ति, निर्धारण वर्ष के संबंध में विहित प्राधिकारी के समक्ष ऐसा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करता है जिसके लिए वह इस उप-धारा के अधीन कटौती का दावा करता है।

स्पष्टीकरण. - इस खंड के प्रयोजनार्थ, "सरकारी अस्पताल" पद का वही अर्थ होगा जो खंड (ग) में दिया गया है;

(च) वे व्यक्ति जिन्होंने पैंसठ वर्ष की आयु पूरी कर ली है।

(छ) खंड (ग) में विनिर्दिष्ट शारीरिक अक्षमता से पीड़ित बच्चे के अभिभावकों के माता-पिता;

(ज) केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के सशस्त्र सदस्य जिनको केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल अधिनियम, 1949 (1949 का 66) लागू होता है और सीमा सुरक्षा बल के सशस्त्र सदस्य, जिनको सीमा सुरक्षा बल अधिनियम, 1968 (1968 का 47) लागू होता है और जो संघ राज्य क्षेत्र में सेवारत है।"

15. अनुसूची II में— निम्नलिखित क्रम संख्याक अंतःस्थापित किए जाएंगे -

4.	दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीवनगर परिषद विनियम, 2004	धारा 102 की उपधारा (1) केखंड (ख) के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा: "(ख) दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीव, वृत्ति, व्यापार, आजिविका और नियोजन राज्य कर अधिनियम, 1976 (1976 का राष्ट्रपति अधिनियम संख्यां क11) और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अधीन और उसके अनुसार, वृत्तियों, व्यापारों, आजीविकाओं और रोजगार पर कर;"
5.	दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीव पंचायत विनियम, 2012	धारा 38 की उप-धारा (1) केखंड (ख) के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा: "(ख) दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीव, वृत्ति, व्यापार, आजिविकाओं और नियोजन राज्य कर अधिनियम, 1976 (1976 का राष्ट्रपति अधिनियम संख्या क11) और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अधीन और उसके अनुसार, व्यवसायों, व्यापारों, कॉलिंग और रोजगार पर कर;"

6क. बम्बई धन उधारदाता अधिनियम, 1946 (1947 का बम्बईनियम संख्यां क 31)

[तत्कालीन दादरा और नागर हवेली के संघ राज्यक्षेत्र के लिए यथा अनुकूलित]।

समग्र रूप से निरसित।

6ख.महाराष्ट्र धन उधार (विनियमन) अधिनियम, 2014

(2014 का VIII)

(दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीव के संघ राज्यक्षेत्र के लिए यथा अनुकूलित)

1. उद्देशिका के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा-

"दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीव संघ राज्यक्षेत्र में धन-उधार के संव्यवहार को विनियमित करने के लिए एक अधिनियम।"

2. धारा 1.–

(i) उप-धारा (1) में, "2014" के पश्चात, "दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीव संघ राज्य क्षेत्र में यथा अनुकूलित" अंतःस्थापित किया जाएगा।

(ii) उप-धारा (2) में, "महाराष्ट्र राज्य" के स्थान पर"दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीव संघ राज्य क्षेत्र" रखा जाएगा।

(iii) उप-धारा (3) में, "16 जनवरी 2014 को" के स्थान पर "राजपत्र में इसके प्रकाशन की तारीख" रखा जाएगा ।

3. धारा 2.–

(i) खंड (13) के उपखंड (ड) के स्पष्टीकरण का लोप करें।

(ii) उप-खंड (23) में, "महाराष्ट्र राज्य के लिए" के स्थान पर" दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीव संघ राज्य क्षेत्र" रखें।

(iii) उपखंड (23) के पश्चात, निम्नलिखित खंड अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात्: -

"(23क) "राज्य सरकार" से संविधान के अनुच्छेद 239 के अधीन राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त प्रशासक के नेतृत्व में दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीव संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन अभिप्रेत है।"

4. धारा 6.–

(i) धारा 6 के स्पष्टीकरण (i) में, "महाराष्ट्र ग्राम पंचायत अधिनियम" के स्थान पर, "दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीव पंचायत विनियमन 2012" रखे जाएंगे।

(ii) धारा 6 के स्पष्टीकरण (ii) में, "महाराष्ट्र जिला परिषद और पंचायत समिति अधिनियम, 1961" शब्द के स्थान पर, "दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीव पंचायत विनियमन 2012" रखा जाएगा।

5. धारा 8.– "मंडल रजिस्ट्रार", जहां कहीं भी वह आया हो, के स्थान पर "महारजिस्ट्रार" रखा जाएगा।

6. धारा 11.– "मंडल रजिस्ट्रार", जहां कहीं भी वह आया हो, शब्द के स्थान पर" महारजिस्ट्रार "रखा जाएगा।

7. धारा 17.–

(i) उप-धारा (6) में, "मंडल रजिस्ट्रार" शब्द के स्थान पर "महारजिस्ट्रार" रखा जाएगा।

(ii) उप-धारा (7) में, "तहसीलदार" के स्थान पर "मामलतदार" रखा जाएगा।

8. धारा 18.–

(i) उप-धारा (4) और (5) में, "मंडल रजिस्ट्रार", जहां कहीं भी वह आया, हो के स्थान पर "महारजिस्ट्रार" शब्द रखा जाएगा।

(ii) उप-धारा (6) में, "महाराष्ट्र भू-राजस्व संहिता, 1966" के स्थान पर, "गोवा, दमण और दीव भू-राजस्व संहिता, 1968 और दादरा और नागर हवेली भू-राजस्व प्रशासन विनियमन, 1971" रखा जाएगा।

9. धारा 25 क का अंतःस्थापन.- धारा 25 के पश्चात, निम्नलिखित धारा अंतःस्थापित की जाएगी, अर्थात्:-

साहूकार के खातों की लेखापरीक्षा।

"25क. (1) प्रत्येक साहूकार के खातों की लेखापरीक्षा प्रत्येक वर्ष में कम से कम एक बार चार्टर्ड अकाउंटेंट अधिनियम, 1949, (1949 का 38) के अर्थ के अनुसार एक चार्टर्ड अकाउंटेंट द्वारा की जाएगी और लेखापरीक्षा रिपोर्ट ऐसी अवधि के भीतर रजिस्ट्रार को प्रस्तुत की जाएगी जो विहित की जाए।

(2) यदि लेखापरीक्षा रिपोर्ट में कोई अनियमितता अथवा इस अधिनियम या इसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों या रजिस्ट्रीकरण की किसी भी शर्त का किसी उल्लंघन या गैर-अनुपालन पाया जाता है, तो रजिस्ट्रार जिसे ऐसी लेखा परीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत की जाती है, इस अधिनियम के किसी अन्य उपबंध के अधीन की जा सकने वाली किसी भी अन्य कार्रवाई पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, लिखित आदेश द्वारा अनियमितता को दूर करने के लिए उसमें उल्लिखित समय के भीतर साहूकार को ऐसी कार्रवाई करने अथवा इस अधिनियम या इसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों या रजिस्ट्रीकरण की शर्तों के अनुपालन के लिए आवश्यक कदम उठाने का निदेश दे सकता है।"।

10. धारा 26.– उप-धारा (2) में, "और प्रति ऋणी प्रति वर्ष अधिकतम दो रुपये के अध्यधीन" का लोप किया जाएगा।

11. धारा 46.– खंड (ख) में, "दस" को, "पचास" द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा।

12. धारा 49.– स्पष्टीकरण का लोप किया जाएगा।

13. धारा 52.– लोप किया जाएगा।

14. धारा 54.– उपधारा (3) का लोप किया जाएगा।

15. धारा 55.– उप-धारा (2) का लोप किया जाएगा और उपधारा (1)धारा 55 के रूप में पुनर्संख्याकिंत किया जाएगा।

16. धारा 56.– लोप किया जाएगा।

17. धारा 57.– लोप किया जाएगा।

7 क. गोवा, दमण और दीव राजमार्ग अधिनियम, 1974 (1984 का अधिनियम 7)

[तत्कालीन दादरा और नागर हवेली संघ राज्य क्षेत्र के लिए यथालागू]।

संपूर्ण रूप से निरसित किया जाएगा।

7ख. गोवा, दमण और दीव राजमार्ग अधिनियम, 1974

(1984 का 7)

1. मूल अधिनियम में, विस्तृतनाम में, संक्षिप्त नाम में, धारा (1) की उपधारा (2) और धारा 2 के खंड (ज) और (ण) में और धारा 4 में "गोवा" शब्द, जहां कहीं भी यह आता है, के स्थान पर "दादरा और नागर हवेली तथा" रखा जाएगा।

2. यह राजपत्र में इसके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होगा।

3. धारा 2.– खंड (न) में, "भूमि अर्जन अधिनियम, 1894" के स्थान पर, "भूमि अर्जन पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013" रखा जाएगा।

4. धारा 28.– उप-धारा (2)–में

(i) "23 और 24" अंकों और शब्द, जहां कहीं ये आते हैं के स्थान पर "28" रखा जाएगा।

(ii) "भूमि अर्जन अधिनियम, 1894" के स्थान पर, "भूमि अर्जन, पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013" रखा जाएगा।"

(iii) "6" अंक के स्थान पर "19" अंक रखा जाएगा।

5. धारा 30.–

(i) "23 और 24" के स्थान पर "28" रखा जाएगा।

(ii) "भूमि अर्जन अधिनियम, 1894" के स्थान पर, "भूमि अर्जन, पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013" रखा जाएगा।"

6. धारा 39.– उप-धारा (3) में, "भूमि अर्जन अधिनियम, 1894" की धारा 31 से 34 (दोनों सम्मिलित) के स्थान पर, "भूमि अर्जन, पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013" द्वारा रखा जाएगा।"

7. धारा 54क से धारा 54घ का अंतःस्थापन.–धारा 54क के पश्चात निम्नलिखित धारा अंत:स्थापित की जाएगी .—

राजमार्गों आदि पर प्रदान की जाने वाली सेवाओं या लाभों के लिए फीस उद्ग्रहण की सरकार की शक्ति

"**54क.** (1) सरकार, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, राज्य के राजमार्गों, प्रमुख जिला सड़कों और गाँव की सड़कों पर पच्चीस लाख रुपये से अधिक की लागत से निर्मित और जनवरी, 1986 के पहले दिन या उसके बाद जनता के लिए खोले गए, स्थायी पुलों के उपयोग के संबंध में प्रदान की गई सेवाओं या लाभों के लिए इस निमित्त बनाए गए नियमों द्वारा अधिकथित दरों पर फीस लगा सकेगी:

परंतु यह कि यदि सरकार की यह राय है कि जनहित मेंऐसा करना आवश्यक है, तो वह इस तरह की अधिसूचना द्वारा, किसी ऐसे पुल को विनिर्दिष्ट कर सकेगी जिसके उपयोग के संबंध में इस धारा के अधीन फीस उद्ग्रहण की नहीं लगायी जाएगी।

परंतु यह और कि सरकार अधिसूचना द्वारा और ऐसे निर्बंधनों और शर्तों के अध्यधीन जो अधिसूचना में विनिर्दिष्ट की जाएं, किसी भी मोटर यान या मोटर यानों या मोटर यानों के किसी भी वर्ग को फीस के संदाय से या तो पूरी तरह या आंशिक रूप से छूट प्रदान कर सकेगी।

(2) इस प्रकार लगाई गई ऐसी फीस की वसूली इस अधिनियम के अधीन बनाए गए नियमों के अनुसार की जाएगी।

सड़कों आदि के उपयोग के लिए फीस उद्ग्रहण की सरकार की शक्ति।

54ख. (1) सरकार, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीव (केंद्रीय विधियों और राज्य विधियों का अनुकूलन) चतुर्थ आदेश, 2022 के लागू होने की तारीख या उसके पश्चात जनता के लिए खोले गए राज्य राजमार्ग, प्रमुख जिला सड़कों और ग्राम सड़कों, या उसके किसी भाग के उपयोग के लिए इस निमित्त बनाए गए नियमों द्वारा अधिकथित दरों पर फीस का उद्ग्रहण कर सकेगी :

परंतु यह कि यदि सरकार की यह राय है कि ऐसा करना जनहित में आवश्यक है, तो वह इसी तरह की अधिसूचना द्वारा, किसी भी राज्य के राजमार्ग, प्रमुख जिला सड़कों और गांव की सड़कों या उसके किसी भी हिस्से को विनिर्दिष्ट कर सकती है, जिसके लिए इस धारा के अधीन फीस उद्ग्रहण नहीं की जाएगी।

परंतु यह और कि सरकार अधिसूचना द्वारा और ऐसे निर्बंधनों और शर्तों के अध्यधीन जो अधिसूचना में विनिर्दिष्ट की जाएं, किसी भी मोटर यान या मोटर यानों या मोटर यानों के किसी भी वर्ग को फीस के संदाय से या तो पूरी तरह या आंशिक रूप से छूट प्रदान कर सकेगी।

(2) इस प्रकार उदृहरणीय ऐसी फीस की वसूली इस अधिनियम के अधीन बनाए गए नियमों के अनुसार की जाएगी।

फीसका भुगतान किए बिना पुलों, राज्य राजमार्गों आदि में प्रवेश.—

54ग. जो कोई भी पुल या राज्य राजमार्ग या प्रमुख जिला सड़क या गांव की सड़क पर बिना फीस का संदाय किए हुए प्रवेश करता है, उसे दोष सिद्ध होने पर निम्न प्रकार दंडित किया जाएगा, - (क) पहले अपराध के लिए जुर्माना, जो एक हजार रुपये तक हो सकेगा। (ख) पश्चातवर्ती अपराध के लिए जुर्माना जो पांच हजार रुपये तक हो सकेगा।

राजमार्गों और पुलों के विकास और अनुरक्षण के लिए करार करने

54घ.- (1) इस अधिनियम या तत्समय लागू किसी अन्य अधिनियम में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी,सरकार पूरे राजमार्ग या पुल या उसके किसी भाग के निर्माण, विकास और अनुरक्षण के संबंध में किसी भी व्यक्ति के साथ करार कर सकेगी।

की सरकार की शक्ति. –

(2) इस तरह के निर्माण, विकास और अनुरक्षण को सुविधाजनक बनाने या सुरक्षित करने के लिए, करार में, अधिकथित ऐसे निबंधनों और शर्तों के अध्यधीन, जैसा कि विहित किया जाए, इस अधिनियम या तत्समय लागू किसी अन्य अधिनियम के अधीन सरकार की या सरकार द्वारा अर्जित की जाने वाली किसी भी भूमि कोकरार की अवधि के दौरान पट्टे के माध्यम से या किसी अन्य रीति से ऐसे व्यक्ति या व्यक्तियों को हस्तांतरण के लिए उपबंध कर सकेगी।

(3) धारा 54क और 54ख और उसके अधीन बनाए गए नियमों में अंतर्विष्ट किसी अन्य बात के होते हुए भी, उप-धारा (1) में निर्दिष्ट व्यक्ति भूमि के अर्जन और पुलों या राजमार्गों के निर्माण, विकास और अनुरक्षणमें शामिल व्यय के संबंध में उसके द्वारा प्रदान की गई सेवा या लाभों के लिए ऐसी दर या दरों पर फीसवसूलने और रखने का हकदार होगा, जो सरकार राजपत्र में अधिसूचना द्वारा विनिर्दिष्ट करे।

(4) उप-धारा (1) में निर्दिष्ट व्यक्ति के पास ऐसे करार की विषय वस्तु वाले किसी राजमार्ग या पुल पर, उसके उचित प्रबंधन के लिए, मोटर यान अधिनियम, 1988 (1988 का केंद्रीय अधिनियम 59) के अध्याय 8में अंतर्विष्ट उपबंधों के अनुसार यातायात को विनियमित और नियंत्रित करने की शक्तियां होंगी।"।

8. धारा 55. "सौ" शब्द के स्थान पर "हजार" शब्द रखा जाएगा।

9. धारा 56.–

(i) खंड (क) में, "सौ" शब्द के स्थान पर "हजार" शब्द रखा जाएगा।

(ii) खंड (ख) में, "सौ" शब्द के के स्थान पर "हजार" शब्द रखा जाएगा।

10. धारा 57.–

(i) खंड (क) में, " दो सौ पचास" शब्दों के लिए " दो हजार पांच सौ" शब्द रखे जाएंगे।"

(ii) खंड (ख) में, "सौ" शब्द के स्थान पर "हजार" शब्द और "पचास" शब्द के स्थान पर "पांच सौ" शब्द रखे जाएंगे।

11. धारा 58. "एक" शब्द के स्थान पर "दस" शब्द रखा जाएगा।

12. धारा 59.–

(i) खंड (क) में "पचास" शब्द के स्थान पर "पांच सौ" शब्द रखे जाएंगे ।

(ii) खंड (ख) में "सौ" शब्द के स्थान पर "हजार" शब्द रखा जाएगा ।

13. धारा 66. "1968" के बाद, जहां कहीं भी वह आया है के पश्चात, "या दादरा और नागर हवेली भू-राजस्व प्रशासन विनियमन, 1971 या तत्समय लागू कोई अन्य विधि" शब्द और अंक अंतःस्थापित किए जाएंगे।

14. धारा 72. उपधारा (3) का लोप किया जाएगा।

15. धारा 74. "गोवा, दमण और दीव की विधान सभा द्वारा बनाई गई या कोई ऐसी विधि जिसे बनाने या संशोधन करने के लिए उक्त विधानमंडल सक्षम है" का लोप किया जाएगा।

8क गोवा, दमण और दीव नागर और ग्राम योजना निर्माण अधिनियम, 1974(1975 का 21)

(तत्कालीन दादरा और नागर हवेली संघ राज्य क्षेत्र के लिए यथालागू)

संपूर्ण रूप से निरसित किया जाएगा

8ख गोवा, दमण और दीव नागर और ग्राम योजना निर्माण अधिनियम, 1974(1975 का 21)

1. मूल अधिनियम में, विस्तृत नाम में संक्षिप्त नाम में, उद्देशिका में, धारा 2 के खंड (13) और (31), धारा 4, और धारा 142 में, "गोवा" जहां कहीं भी यह आता है, शब्द के स्थान पर, "दादरा और नागर हवेली और" शब्द रखे जाएंगे।

2. संपूर्ण मूल अधिनियम में, धारा 33 की उप-धारा (2) के सिवाय, "बोर्ड" या "गोवा, दमण और दीव नागर एवं ग्राम योजना निर्माण बोर्ड", जहां कहीं भी यह आता है, शब्दों के स्थान पर "विहित प्राधिकारी" शब्द रखे जाएंगे।

3. धारा 2.–

(i) खंड (4) का लोप किया जाएगा।

(ii) खंड (26) के पश्चात, निम्नलिखित खंड अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात्: -

"(26क) "विहित प्राधिकारी" से इस अधिनियम के प्रयोजनार्थ सरकार द्वारा विहित प्राधिकारी के रूप में अधिसूचित प्राधिकारी अभिप्रेत है;"।

(iii) खंड (32) में, "गोवा, दमण और दीव नागर पालिका विनियमन, 1968" शब्दों के स्थान पर "दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीव नागर परिषद विनियम, 2004" शब्द रखे जाएंगे।

4. अध्याय 2. शीर्षक में, "और दमण और दीव नागर और ग्राम योजना निर्माण बोर्ड का गठन" शब्दों का लोप किया जाएगा।

5. धारा 3.– धारा 3 के स्थान पर निम्नलिखित उप-धारा रखी जाएगी, अर्थात्:-

"(1) सरकार, अधिसूचना द्वारा, इस अधिनियम के प्रयोजनार्थ एक व्यक्ति को मुख्य नागर योजनाकार के रूप में नियुक्त करेगी।

(2) मुख्य नागर नियोजक की भूमिका योजना और विकास प्राधिकरणों और उसके प्रतिष्ठानों की सहायता करने की होगी।

इस अधिनियम द्वारा या इसके अधीन निर्धारित ऐसे कार्यों के अलावा, मुख्य नागर योजनाकार निर्धारित प्राधिकरण की उसके कार्यों के निर्वहन में सहायता भी करेगा और ऐसे अन्य कार्यों को भी करेगा जो इस संबंध में सरकार द्वारा आदेशित किए जाएं।

6.धारा 4 से धारा 7-का लोप किया जाएगा।

7. अध्याय 3-धारा 9 से धारा 17 का लोप किया जाएगा।

8. धारा 20 .-

(i) उप-धारा (3) के खंड (ii) में "मुख्य नागर योजनाकार के परामर्श से" शब्दों का लोप किया जाएगा।

(ii) उपधारा (5) में, "बोर्ड के परामर्श से" शब्दों का लोप किया जाएगा।

(iii) उप-धारा (7) के खंड (iii) में, "बोर्ड के परामर्श से" शब्दों का लोप किया जाएगा।

9. धारा 22.– खंड (ङ) के पश्चात्, निम्नलिखित खंड अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात्: -

(च) रूपरेखा विकास योजना, व्यापक विकास योजना या नागर नियोजन योजनाएँ तैयारकरने के लिए योजना क्षेत्र में सर्वेक्षण करना;

(छ) योजना क्षेत्र में विकास योजना के अनुसार विकास गतिविधियों को नियंत्रित करना;

(ज) किसी भी व्यक्ति या संगठन के साथ अनुबंध, करार या व्यवस्था करना जो योजना विकास प्राधिकरण अपने कार्यों ने निर्वहन के लिए आवश्यक समझे;

(झ) चल या अचल संपत्ति का अर्जन, धारण, प्रबंधन और निपटान, जैसा वह आवश्यक समझे;

(ञ) जल आपूर्ति, सीवरेज निपटान से संबंधित कार्य करना और अन्य सेवाओं एवं सुविधाओं का उपबंध करना;

(त) अवसंरचना विकास की विभिन्न योजनाएं तैयार करना और उनका कार्यान्वयन।

(थ) ऐसी अन्य शक्तियों का प्रयोग करना और ऐसे अन्य कार्य करना जो पूर्वगामी शक्तियों और कार्यों में से किसी के पूरक, संबंधित या परिणामी हैं या सरकार द्वारा यथानिर्देशित अन्य कार्य करना;

10. धारा 30. धारा 30 के स्थान पर, निम्नलिखित उप-धारा रखी जाएगी, अर्थात्:-

"(1) किसी रूपरेखा विकास योजना में: -

(क) योजना क्षेत्र में प्रस्तावित भू-उपयोग की रीति को सामान्य रूप से उपदर्शित किया जाएगा;

(ख) निम्नलिखित उपयोग हेतु भूमि के क्षेत्र या जोन आवंटित किया जाएगा-

(i) आवासीय, वाणिज्यिक, औद्योगिक और कृषि प्रयोजनों के लिए;

(ii) सार्वजनिक और अर्ध-सार्वजनिक खुले स्थानों, पार्कों और खेल के मैदानों के लिए; तथा

(iii) ऐसे अन्य उद्देश्यों के लिए जो योजना और विकास प्राधिकरण उचित समझे;

(ग) निम्नलिखित उपदर्शित, परिभाषित और उपबंधित किया जाएगा –

(i) मौजूदा और प्रस्तावित राष्ट्रीय राजमार्गों, मुख्य सड़कों, रिंग रोड और प्रमुख सड़कों के लिए; तथा

(ii) रेलवे, ट्राम-वे, विमानपट्टनों और नहरों सहित संचार की मौजूदा और प्रस्तावित लाइनों के लिए;

(घ) ऐसे जोन के भीतर, स्थान, ऊंचाई, तलों की संख्या, और भवनों एवं अन्य संरचनाओं के आकार, यार्ड, कोर्ट और अन्य खुले स्थानों के आकार, और भवनों, संरचनाओं और भूमि के उपयोग का विनियमन।

(2) किसी रूपरेखा विकास योजना में निम्नलिखित भी उपदर्शित, परिभाषित और उपबंधित किए जाएंगे –

(क) मौजूदा और प्रस्तावित सार्वजनिक और अर्ध-सार्वजनिक भवन; तथा

(ख) धारा 32 के अधीन व्यापक विकास योजना में यथा उपदर्शित, परिभाषित और उपबंधित सभी या कोई भी उद्देश्य और मामले।

(ग) विद्यालयों, महाविद्यालयों और अन्य शैक्षणिक संस्थान, चिकित्सा और सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थानों, बाजारों, सामाजिक कल्याण और सांस्कृतिक संस्थानों, थिएटर और सार्वजनिक मनोरंजन के लिए स्थानों, सार्वजनिक सभा, संग्रहालयों, कला दीर्घाओं, धार्मिक भवनों, खेल के मैदानों, स्टेडियम, खुले स्थानों, डेयरियों जैसे सार्वजनिक उद्देश्यों और ऐसे अन्य प्रयोजनों के लिए, जो राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर विनिर्दिष्ट करे, के लिए भूमि आरक्षण के प्रस्ताव;

(घ) प्राणी उद्यान, हरित पट्टी, प्राकृतिक रेजर्व और अभयारण्य के लिए क्षेत्र विनिर्दिष्ट करने के प्रस्ताव।

(ङ) सड़कें, राजमार्ग, पार्कवे, रेलवे, जलमार्ग, नहरें और विमानपत्तन जैसे परिवहन और संचार, जिसमें उनका विस्तार और विकास शामिल है।

(च) बिजली और गैस की आपूर्ति सहित जल आपूर्ति, जल निकासी, सीवेज निपटान, अन्य सार्वजनिक उपयोगिता सुविधाओं और सेवा के प्रस्ताव;

(छ) सामुदायिक सुविधाओं और सेवाओं के लिए भूमि आरक्षण;

(ज) सेवा उद्योगों, औद्योगिक सम्पदाओं और व्यापक पैमाने पर किसी अन्य औद्योगिक विकास के लिए स्थलों को नामित करने के प्रस्ताव;

(झ) प्राकृतिक दृश्यों और परिदृश्य के क्षेत्रों का अनुरक्षण, संरक्षण और विकास।

(ञ) ऐतिहासिक, प्राकृतिक, स्थापत्य या वैज्ञानिक रुचि और शैक्षणिक मूल्य की विशेषताओं, संरचनाओं या स्थानों का संरक्षण;

(ट) बाढ़ नियंत्रण और नदी प्रदूषण की रोकथाम के लिए प्रस्ताव;

(ठ) संघ, किसी राज्य, स्थानीय प्राधिकरण या तत्समय लागू किसी विधि द्वारा या उसके अधीन स्थापित किसी अन्य प्राधिकरण या निकाय के प्रयोजन के लिए भूमि के आरक्षण के प्रस्ताव;

(ड) निचले इलाकों, दलदली या अस्वास्थ्यकर क्षेत्रों को भरना या सुधारना या भूमि को समतल करना।

(ढ) विकास क्षेत्र के भीतर भूमि के उपयोग और विकास को नियंत्रित करने और विनियमित करने के उपबंध, जिसमें भवनों के लिए खुली जगह के संबंध में शर्तों और निर्बंधनों को लागू करना, किसी भूखंड के लिए भवन क्षेत्र का

प्रतिशत, स्थान, संख्या, आकार, ऊंचाई, मंजिलों की संख्या और इमारतों की प्रकृति और किसी निर्दिष्ट क्षेत्र में निर्मित क्षेत्र का घनत्व, वे उपयोग और उद्देश्य जिनके लिए कोई इमारत या विनिर्दिष्ट भूमि क्षेत्रों का विनियोजन किया जा सकता है या नहीं किया जा सकता है, भूखंडों के उप-विभाजन, किसी निर्दिष्ट अवधि में किसी क्षेत्र में भूमि के आपत्तिजनक उपयोग को रोकना, पार्किंग स्थल, किसी भी भवन के लिए लोडिंग और अनलोडिंग स्थान तथा अनुमानों और विज्ञापनों के आकार और होर्डिंग और अन्य मामले जो इस अधिनियम के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए आवश्यक समझे जाएं।

(ण) भूमि के उपयोग के परिणामस्वरूप अपशिष्ट या अन्य साधनों के निर्वहन के कारण होने वाले जल या वायु के प्रदूषण को रोकने या उसके समाधान के उपबंध; और योजना और विकास प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर अनुमोदित या इस संबंध में सरकार द्वारा निर्देशित सार्वजनिक या अन्य उद्देश्यों के लिए ऐसे अन्य प्रस्ताव।

(3) रूपरेखा विकास योजना के रूप और सामग्री को विनियमित करने वाले ऐसे नियमों के अधीन किसी भी ऐसी योजना में ऐसे नक्शे और ऐसे वर्णनात्मक विषय सम्मिलित होंगे जो उस योजना में निहित प्रस्तावों को समझाने और स्पष्ट करने के लिए आवश्यक हों।

(4) निम्नलिखित विवरण रूपरेखा विकास योजना के साथ प्रकाशित किए जाएंगे, अर्थात्: -

(क) योजना में सम्मिलित किए गए क्षेत्र की भूमि के लिए प्रस्तावित उपयोग दर्शाने वाला एक विवरण और रूपरेखा विकास योजना तैयार करने के लिए किया गया कोई सर्वेक्षण;

(ख) रूपरेखा विकास योजना के उपबंधों की व्याख्या करने वाले मानचित्र, चार्ट और विवरण;

(ग) रूपरेखा विकास योजना के उपबंधों को लागू करने के लिए विनियम;

(घ) क्षेत्र विकास प्राधिकरण या, जैसा भी मामला हो, अधिकृत अधिकारी से किसी भी भूमि को विकसित करने के लिए अनुमति प्राप्त करने की रीति की व्याख्या करने वाली प्रक्रिया;

(ङ) विकास के चरणों का एक विवरण जिसके अनुसार रूपरेखा विकास योजना द्वारा योजना और विकास प्राधिकरण पर अधिरोपित किसी दायित्व को पूरा करने का प्रस्ताव है।

(च) सार्वजनिक उद्देश्यों के लिए आरक्षित भूमि के अर्जन में सम्मिलित लागत का अनुमान

(5) रूपरेखा विकास योजना के संचालन में आने और उसके क्षेत्र को परिभाषित करने के पश्चात, रूपांतरण किसी रूपरेखा विकास योजना की विषयवस्तु के अनुरूप और यथाविहित ऐसी प्रक्रिया के अनुसार होगा।"

11. धारा 31.– "बोर्ड के माध्यम से" शब्दों का लोप किया जाएगा।

12. धारा 32.– उप-धारा (1) के खंड (ख) के उप-खंड (viii) में, "या बोर्ड" शब्दों का लोप किया जाएगा।

13. धारा 33.– उप-धारा (2) में "बोर्ड" शब्द , जहां कहीं भी यह आया है,के स्थान पर "सरकार" शब्द रखा जाएगा।

14. धारा 35.–

(i) उपधारा 2 में, "भूमि अर्जन अधिनियम, 1894" और "4" शब्दों के स्थान पर क्रमशः "भूमि अर्जन, पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013" और "11" शब्द और अंक रखे जाएंगे।

(ii) उप-धारा (6) में, "बोर्ड और ... के लिए" शब्दों का लोप किया जाएगा।

15. धारा 36. "बोर्ड से परामर्श करने के बाद" शब्दों का लोप किया जाएगा।

16. धारा 37.– उप-धारा 2 में, "भूमि अर्जन अधिनियम, 1894" और "6" शब्दों के स्थान पर क्रमशः "भूमि अर्जन, पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013" और "19" शब्द रखे जाएंगे।

17. धारा 37क **का अंतःस्थापन.–** धारा 37 के पश्चात्, निम्नलिखित धारा अंतःस्थापित की जाएगी, अर्थात्:-

रूपरेखा विकास योजना से भूमि उपयोग में परिवर्तन।

"**37क.** (1) किसी क्षेत्र के लिए रूपरेखा विकास योजना के लागू होने की तारीख के पश्चात किसी भी समय, योजना प्राधिकरण, सरकार के पूर्व अनुमोदन से, स्थलाकृतिक मानचित्रीय या अन्य त्रुटियों और चूकों के कारण, अथवा योजना में विवरण को पूरी तरह से उपदर्शित करने में विफलता के कारण या रूपरेखा विकास योजना के प्रस्तावों के कार्यान्वयन से उत्पन्न बदलावों या योजना को लागू करने में किसी भी समय प्रचलित परिस्थितियों के कारण, भूमि उपयोग या विकास में यथाआवश्यक ऐसे परिवर्तनों की अनुमति दे सकेगा, परंतु यह कि;-

(क) सभी परिवर्तन जनहित में हैं;

(ख) प्रस्तावित परिवर्तन इस अधिनियम या स्थानीय नियोजन क्षेत्र के भीतर भूमि के नियोजन, विकास या उपयोग को नियंत्रित करने वाले किसी अन्य विधि के किसी अन्य उपबंध का उल्लंघन नहीं करते हैं; तथा

(ग) इस तरह के सभी परिवर्तनों का प्रस्ताव योजना प्राधिकरण द्वारा यथाविनिर्दिष्ट प्रकाशन की तारीख से पंद्रह दिन से अन्यून अवधि के भीतर जनता से आपत्तियां आमंत्रित करते हुए, क्षेत्र में प्रचलन वाले एक या अधिक दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित किया जाता है।

(2) धारा 37 के उपबंध रूपरेखा विकास योजना से भूमि उपयोग में परिवर्तन या विकास पर यथोचित सुधारों सहित लागू होंगे।

(3) अधिनियम में अंतर्विष्ट किसी प्रतिकूल बात के होते हुए, यदि भूमि उपयोग या विकास में परिवर्तन वाणिज्यिक या औद्योगिक से आवासीय या औद्योगिक से वाणिज्यिक में है और निर्धारित शुल्क का भुगतान किया गया है और परिवर्तन करने से पहले स्थानीय नियोजन प्राधिकरण को सूचित किया गया है, तो भूमि उपयोग में परिवर्तन या विकास को दी गई ऐसी अनुमति प्रदान की गई समझी जाएगी"।

18. धारा 39.– उप-धारा (1) में, "बोर्ड और" शब्दों का, जहां कहीं भी वे आते हैं, लोप किया जाएगा।

19. धारा 41.– नाम और इस धारा में, "भूमि अर्जन अधिनियम, 1894" शब्दों के स्थान पर"भूमि अर्जन, पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013" शब्द रखे जाएंगे।

20. धारा 41क से 41ग का अंतःस्थापन.- धारा 41 के पश्चात, निम्नलिखित धाराएँ अंतःस्थापित की जाएंगी, अर्थात्:-

हस्तांतरणीय विकास अधिकार के अनुसार भूमि का अर्जन।

"**41क.** (1) योजना और विकास प्राधिकरण, नागर पालिका परिषद या ग्राम पंचायत, सरकार के अनुमोदन और स्वामी की सहमति से, सार्वजनिक उद्देश्य के लिए उसकी भूमि का अर्जन कर सकेगी और सरकार इस तरह के अर्जन के लिए मुआवजे का भुगतान के बदले में उसे यथाविहित ऐसे प्ररूप और ऐसी रीति में विकास अधिकार प्रमाण पत्र जारी करके एक हस्तांतरणीय विकास अधिकार प्रदान कर सकेगी।

(2) हस्तांतरणीय विकास अधिकार का उपयोग स्वामी द्वारा यथाविहित रीति से अतिरिक्त निर्मित स्थान के रूप में किया जा सकेगा जो इसे स्वयं उपयोग कर सकेगा या क्षेत्रीय योजना या विकास योजना में दिए गए उद्देश्य के लिए चिन्हित क्षेत्रों में उपयोग हेतु इसे किसी अन्य व्यक्ति को पूर्ण या आंशिक रूप से स्थानांतरित कर सकेगा।

आवास आरक्षण के माध्यम से अर्जन।

41ख. (1) कोई योजना और विकास प्राधिकरण, नागर परिषद या ग्राम पंचायत, स्वामी की सहमति से, विकास योजना में विनिर्दिष्ट सार्वजनिक प्रयोजन के लिए, आवास आरक्षण के माध्यम से, उसकी भूमि और सुख-सुविधाओं को यथाविहित रीति से अपने पक्ष में हस्तांतरित कर सकती है।

(2) ऐसी भूमि का स्वामी ऐसी सुविधा का विकास करेगा और उक्त प्राधिकरण को नि:शुल्क सौंपेगा और उसके पश्चात् वह स्वयं पूर्ण अनुमेय तल क्षेत्र अनुपात के समतुल्य विकास अधिकार का उपयोग करेगा।

भावी पीढ़ी के लिए प्राकृतिक भंडार और संसाधनों का परिरक्षण

41ग. योजना और विकास प्राधिकरण, नागर पालिका परिषद या ग्राम पंचायत सरकार के अनुमोदन और स्वामी की सहमति से, विकास योजना में परिरक्षण या अनुरक्षण के लिए चिन्हित भूमि के संबंध में विकास अधिकार या क्षमता को वापस ले सकती है या समाप्त कर सकती है और सरकार इस प्रकार हटाए गए, समाप्त किए गए विकास अधिकार को किसी ऐसे अन्य क्षेत्र को आवंटित कर सकती है,जो यथाविहित ऐसी रीति में भावी पीढ़ी के लिए हस्तांतरणीय विकास अधिकार के माध्यम से विकास के लिए अधिक उपयुक्त हो।"

21. धारा 42क का अंतःस्थापन.–धारा 42 के पश्चात, निम्नलिखित धाराअंतःस्थापित की जाएगी, अर्थात:-

पारिस्थितिकी पर्यटन गतिविधियों की स्थापना

"**42क.**" इस अधिनियम, या रूपरेखा विकास योजना, या इस अधिनियम के अधीन तैयार की गई किसी व्यापक विकास योजना या भूमि उपयोग योजना, या दादरा और नागर हवेली भू-राजस्व प्रशासन विनियमन, 1971 (1971 का 2), या गोवा, दमण और दीव भू-राजस्व संहिता, 1968 (1969 का 9) या तत्समय लागू किसी अन्य विधि के किसी उपबंध में किसी भी बात के होते हुए, कोई आवेदक जो पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 (1986 का 29) के तहत घोषित और पर्यावरण और वन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा उसके तहत बनाए गए नियमों के तहत घोषित इको सेंसिटिव ज़ोन में इको सेंसिटिव ज़ोन अधिसूचना में अनुमत कोई इको टूरिज्म क्रियाकलाप स्थापित करना चाहता है, उसके लिए इस अधिनियम या उसके तहत तैयार किसी अन्य नक्शे या योजनाओं या विनियमों के तहत, या दादरा और नागर हवेली भूमि राजस्व प्रशासन विनियमन, 1971 (1971 का 2) या गोवा, दमण और दीव भू-राजस्व संहिता, 1968 (1961 का 9) के तहत भूमि के किसी भी रूपांतरण, या जोन के किसी भी परिवर्तन या भूमि उपयोग में किसी परिवर्तन या भूमि का कोई परिवर्तन की अनुमति प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं होगी:

परंतु यह कि ऐसी परियोजना या ईको-पर्यटन क्रियाकलापकुल क्षेत्रफल के 5% की सीमा तक स्थापित किया जा सकता है और यह कि इसके लिए आवश्यक न्यूनतम क्षेत्र 20,000 वर्ग मीटर से कम नहीं है:

परंतु यह और कि ऐसा कोईईको-पर्यटन क्रियाकलापको स्थापित करने के इच्छुक व्यक्तियों के लिए संघ राज्य क्षेत्र स्तर की पारिस्थितिक संवेदनशील क्षेत्र निगरानी समिति या समयसमय - साथ-पर नामित ऐसे अन्य प्राधिकरण के साथदादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीव पंचायत विनियमन, 2012 (2012 का 5) के संदर्भ में निर्माण लाइसेंस की पूर्व स्वीकृति प्राप्त करना अपेक्षित होगा, परंतु स्थानीय कानूनों के तहत कोई भूमि उपयोग, या रूपांतरण सनद या ज़ोनिंग या क्षेत्र परिवर्तन की आवश्यकता नहीं होगी।

22. धारा 44.–

(i) उप-धारा (2) के खंड (क) में, "केंद्र या संघ राज्य क्षेत्र सरकार" शब्दों के लिए "केंद्र सरकार या संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन" शब्द रखे जाएंगे।

(ii) उप-धारा 4 के खंड (ii) में, "और" का लोप किया जाएगा।

(iii) उप-धारा 4 के खंड (iii) को खंड (iv) के रूप में पुनर्संख्याकिंत किया जाएगा और इस प्रकार पुनर्संख्याकिंत खंड (iv) से पहले निम्नलिखित अंतःस्थापित किया जाएगा,

"(iii) संबंधित स्थानीय प्राधिकरण के प्रासंगिक उप-नियमों या विनियमों के लिए; तथा"

23. धारा 45.– उप-धारा (2) में, "पांच सौ" शब्दों के लिए "दस हजार" शब्द रखे जाएंगे।

24. धारा 49.– उप-धारा (6) के स्थान पर निम्नलिखित उप-धारा प्रतिस्थापित की जाएगी, अर्थात्:-

"(6) तत्समय लागू किसी अन्य विधि में किसी बात के होते हुए भी, जहां रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 की धारा 29 की उप-धारा (1) के उपबंधों के तहत रजिस्ट्रीकृत होने के लिए अपेक्षित किसी दस्तावेज में, ऐसे भूखंड के संबंध में, जो सर्वेक्षण विभाग द्वारा जारी सर्वेक्षण योजना के अनुसार नहीं हैं या ऐसे भूखंड के संबंध में, जिसके लिए योजना और विकास प्राधिकरण से योजना क्षेत्र के भीतर ऐसे उप-विभाजन के लिए कोई विकास अनुमति नहीं है, किसी भी व्यक्ति के अधिकार, हक या हित को हस्तांतरित करना, सौंपना, सीमित या समाप्त करना तात्पर्यित है, अधिनियम के तहत नियुक्त कोई भी

रजिस्ट्रीकरण अधिकारी किसी भी दस्तावेज को तब तक रजिस्ट्रीकृत नहीं करेगा, जब तक कि ऐसे भूखंड का मालिक योजना क्षेत्र के संबंध में अधिकार क्षेत्र का प्रयोग करते हुए योजना और विकास प्राधिकरण से मंजूरी का प्रमाण पत्र या "अनापत्ति" का प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं करता है:

परंतु यह कि परिवार के भीतर विरासत अधिकार के परिणामस्वरूप भूमि के उप-विभाजन या किसी संपत्ति के निर्माण या लेआउट के लिए किसी मंजूरी या "अनापत्ति" प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं होगी:

परंतु यह और कि सरकार द्वारा इस विनियम के प्रयोजन के लिए राजपत्र में अधिसूचना द्वारा अधिसूचित किसी वित्तीय संस्थान के पक्ष में अचल संपत्ति को गिरवी रखने के प्रयोजन हेतु स्वीकृति या अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं होगी।

25. धारा 50क का अंतःस्थापन.–धारा 50 के पश्चात, निम्नलिखित उप-धारा अंतःस्थापित की जाएगी, अर्थात्:-

वास्तविक गलत बयानी, कपटपूर्ण बयान या जानकारी के आधार पर दी गई अनुमति को रद्द करना

"**50क.** (1) यदि धारा 44, 45, 46 और 47 के तहत अनुमति दिए जाने के बाद किसी भी समय ऐसी अनुमति देने वाले प्राधिकरण को यह समाधानहो जाए कि ऐसी अनुमति किसी वास्तविक गलत बयानी या किसी कपटपूर्ण बयान या गलत जानकारी के परिणामस्वरूप दी गई थी तो, प्राधिकरण, उस व्यक्ति को सुनवाई का अवसर देने के बाद, जिसके पक्ष में अनुमति दी गई थी, लिखित में दर्ज किए जाने वाले कारणों से ऐसी अनुमति को रद्द कर सकता है और उचित अनुमति के बिना किए गए किसी भी विकास को धारा 51 और 52 के उपबंधों के अनुसार अनधिकृत विकास माना जाएगा और तदनुसार कार्रवाई की जाएगी।

(2) इस संबंध में सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम होगा और ऐसे निर्णय के विरुद्ध कोई अपील नहीं की जाएगी।।"

26. धारा 51.–

(i) उप-धारा 1 में, "दस हजार" और "पांच सौ" शब्दों के लिए क्रमशः "दो लाख" और "बीस हजार" शब्द रखे जाएंगे।

(ii) उप-धारा 2 में, "पांच हजार" और "दो सौ पचास" शब्दों के लिए क्रमशः "पचास हजार" और "पांच हजार" शब्द रखे जाएंगे।

(iii) उप-धारा 2 के पश्चात, निम्नलिखित उप-धारा अंतःस्थापित की जाएगी, अर्थात्:-

"(3) इस धारा के तहत कोई अपराध संज्ञेय होगा।"

27. धारा 52.–

(i) उपधारा (1) में, "ऐसे विकास या परिवर्तन के चार वर्षों के भीतर" का लोप किया जाएगा।

(ii) उप-धारा (7) में, "दस हजार" और "पांच सौ" शब्दों के लिए क्रमशः "एक लाख" और "एक हजार" शब्द रखे जाएंगे।

(iii) उप-धारा (7) के पश्चात, निम्नलिखित उप-धारा अंतःस्थापित की जाएगी, अर्थात्:-

"(8) इस धारा के तहत कोई अपराध संज्ञेय होगा।"

28. धारा 53.–

(i) उप-धारा (3) में, "दस हजार" और "पांच सौ" शब्दों के लिए क्रमशः "एक लाख" और "एक हजार" शब्द रखे जाएंगे।

(ii) उप-धारा (6) के बाद, निम्नलिखित उप-धारा अंतःस्थापित की जाएगी, अर्थात्:-

"(7) इस धारा के तहत कोई अपराध संज्ञेय होगा।"

29. धारा 56.–

(i) उप खंड (2) में खंड (ञ) और (ट) को क्रमशः (ट) और (ठ) के रूप में तात्पर्यित किया जाएगा।

(ii) खंड (i) के बाद, निम्नलिखित अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात्: -

''(न) सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के लोगों को आवास प्रदान करने के उद्देश्य से योजना के अधीन कवर किए गए कुल क्षेत्र के दस प्रतिशत या उसके पास, जितना संभव हो उतना प्रतिशत तक, भूमि का आरक्षण ;"

30.धारा 59.–उप-धारा (2) में, "भूमि अर्जन अधिनियम, 1894"और "4"के स्थान पर क्रमश: "भूमि अर्जन, पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013" और "11"रखें।

31. धारा 64.–उप-धारा (1) में, "संघ राज्यक्षेत्र की विधान सभा के किसी अधिनियम के अधीन या संघ राज्यक्षेत्र की विधान सभा के अधिनियमों में से किसी भी अधिनियम के अधीन'' के स्थान पर "जो सरकार" रखें।

32. धारा 65.–उप-धारा (1) में "अनिश्चायक" के बाद "सार" अंत:स्थापित करें।

33. धारा66.–

(i) उपधारा (**1**) में "बोर्ड के माध्यम से" का लोप करें।

(ii) उप-धारा (**4**) में "मुख्य न्यायिक" के स्थान पर "जिला" रखें और "या प्रथम श्रेणी के किसी न्यायिक मजिस्ट्रेट" का लोप करें।

34. धारा 68.–

(i) उप-धारा (3) में, "बोर्ड के परामर्श से" का लोप करें।

(ii) उप-धारा (6) में "भूमि अर्जन अधिनियम, 1894" और "6" के स्थान पर "भूमि अर्जन, पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013" और "19" को रखें।

35. धारा 71.–"मुख्य नागर योजनाकार" के स्थान पर, जहां भी यह आया हो, "विहित प्राधिकारी" को रखें।

36. धारा 79.–उप-धारा (3) में "मुख्य नागर योजनाकार" के स्थान पर, जहां भी यह आया हो, "विहित प्राधिकारी" को रखें।

37. धारा 80.– "मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट" के स्थान पर "जिला मजिस्ट्रेट" को रखें।

38. धारा 81.–उप-धारा (1) में "मुख्य नागर योजनाकार के माध्यम से" का लोप करें।

39. धारा 82.–उप-धारा (2) में "और मुख्य नागर योजनाकार से परामर्श करने के बाद" का लोप करें।

40. धारा 100क का अंत:स्थापन। धारा 100 के बाद, निम्नलिखित धारा अंत:स्थापित की जाएगी, अर्थात्: -

जोन के परिवर्तन के लिए प्रोसेसिंग फीस का उद्ग्रहण

"100क (1)अधिसूचित रूपरेखा विकास योजनाओं, व्यापक विकास योजनाओं और क्षेत्रीय योजनाओं में क्षेत्र के परिवर्तन के लिए योजना और विकास प्राधिकरण के पास दायर आवेदनों के प्रक्रमण के लिए प्रभावित किए जाने के लिए, सरकार, अधिसूचना द्वारा, फीस उद्ग्रहित कर सकती है।

(2) सरकार, अधिसूचना द्वारा, दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीव की क्षेत्रीय योजना, रूपरेखा विकास योजनाओं, व्यापक विकास योजनाओं और अंचल योजनाओं को अधिसूचित क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में परिवर्तित करने के लिए प्रभारित किए जाने के लिए फीस उद्ग्रहित कर सकती है।

41. धारा 101क का अंत:स्थापन–धारा 101 के बाद, निम्नलिखित धारा अंत:स्थापित की जाएगी, अर्थात्: -

जोन परिवर्तन के लिए प्रोसेसिंग फीस की दर

"101क. धारा 100क के अधीन जोन परिवर्तन के लिए प्रोसेसिंग फीस या फीस की दर सरकार द्वारा अधिसूचित दर होगी।

42. धारा 105क और 105ख का अंत:स्थापन–धारा 105 के बाद, निम्नलिखित धारा अंत:स्थापित की जाएगी, अर्थात्: -

धन उधार लेने की प्राधिकरण की शक्ति।	"105क. समुचित प्राधिकरण, समय-समय पर, ऐसी ब्याज दर पर और ऐसी अवधि के लिए और ऐसी शर्तों पर उधार ले सकता है, जो सरकार निम्नलिखित उद्देश्य के लिए आवश्यक राशि के लिए अनुमोदितकरे: - (क) पूंजीगत राशि के नामे डालने योग्य व्यय को पूरा करना; (ख) इस अधिनियम के तहत पहले लिए गए किसी भी ऋण को चुकाना।
ब्याज के भुगतान और ऋण की अदायगी की प्राथमिकता।	"105ख. ब्याज के लिए या ऋणों की अदायगी के लिए समुचित प्राधिकरण से प्राप्य सभी संदाय उक्त प्राधिकरण से प्राप्य अन्य सभी संदायों के लिए प्राथमिकता में किए जाएंगे। "

43. धारा 107.–उप-धारा (4) में, "और बोर्ड" का लोप करें।

44. धारा 108.–

(i) उपधारा (1) का लोप करें।

(ii) उप-धारा (2) को धारा 108 के रूप में पुनर्संख्यांकित करें और "और बोर्ड" का लोप करें।

45. धारा 110.–

(i) उप-धारा (1) में, "बोर्ड द्वारा" के स्थान पर "सरकार द्वारा" रखें।

(ii) उप-धारा (2) के स्थान पर, निम्नलिखित उप-धारा को रखा जाएगा, अर्थात्:-

"उप-धारा (1) के तहत सामान्य या विशेष आदेश द्वारा प्राधिकृत किसी भी व्यक्ति अधिकारी की शक्तियों का विस्तार पूरे संघ राज्यक्षेत्र पर होगा, और उप-धारा (1) के तहत सामान्य या विशेष आदेश द्वारा प्राधिकृत किसी भी व्यक्ति अधिकारी की शक्तियां उस प्राधिकरण के अधिकार क्षेत्र के भीतर योजना क्षेत्र और ऐसे अन्य क्षेत्र तक विस्तारित होंगी जिसे सरकार ने विकास योजना में शामिल करने का निर्देश दिया हो।"

(iii) उप-धारा 3 में, "एक" के स्थान पर "दस" रखें।

46. धारा 111.–

(i) उप-खंड (i) के खंड 'ग' की उप-धारा (iii) में "डाक" के बाद "या इलेक्ट्रॉनिक रूप में" अंत:स्थापित करें।

(ii) उप-धारा (4) में "बोर्ड या बोर्ड के सचिव" के लिए "विहित प्राधिकारी" और "बोर्ड" के लिए तीसरी बार "सरकार" को रखें।

47. धारा 112.– "बोर्ड के सचिव" और "बोर्ड" शब्द जहां कहीं भी आया हो, के स्थान पर, "विहित प्राधिकारी" रखें।

48. धारा 114.– "बोर्ड के सचिव" के लिए "बोर्ड और" का लोप करें या'' के स्थान पर "सदस्य सचिव" और "बोर्ड" के स्थान पर चौथी बार आने वाले "सरकार" को रखें।

49. धारा 115.–

(i) उप-धारा (1) में, "क्षेत्रीय योजना" का लोप करें।

(ii) उप-धाराओं (1), (2) और (3) में, "टाउन एंड कंट्री प्लानिंग बोर्ड" शब्द जहां कहीं भी हों, उनके स्थान पर "योजना और विकास प्राधिकरण" रखें।

50. धारा 123.– "दो सौ" शब्दों के लिए "दस हजार" शब्द रखें।

51. धारा 124.– "या सरकार द्वारा प्राधिकृत कोई अधिकारी" का लोप करें।

52. धारा 125। पहला शब्द "द" के स्थान पर "ऐसे नियमों और शर्तों के अधीन, यदि कोई हो, जैसा कि विहित हो," शब्द रखें जाएंगे।

53. धारा 130.– "बोर्ड या" और "बोर्ड और के" जहां कहीं भी हों, का लोप करें।

54. धारा 140.–

उप-धारा 2 में,

(i) खंड (ख) का लोप करें।

(ii) खंड (ग) में, "बोर्ड" के स्थान पर "विहित प्राधिकारी" रखें।

(iii) खंड (घ) में "बोर्ड और" का लोप करें।

(iv) खंड (ङ) के बाद, निम्नलिखित खंड अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात्: -

"(ड.क) जिस प्रारूप और रीति से विकास अधिकार प्रमाण पत्र जारी किया जाना है और जिस रीति से धारा 41क के तहत विकास अधिकार का उपयोग किया जाना है;

(ड.ख) धारा 41ख के तहत आवास आरक्षण के माध्यम से भूमि और सुविधा को किस तरीके से अंतरित किया जाना है;

(ड.ग) धारा 41ग के तहत जिस रीति से संपत्ति के विकास के अधिकार को वापस लिया जा सकता है या अलग किया जा सकता है और अन्य क्षेत्र को आवंटित किया जा सकता है, जो कि धारा 41 सी के तहत भावी पीढ़ी के लिए हस्तांतरणीय विकास अधिकार के माध्यम से होता है;

(v) खंड (छ) में "बोर्ड के, और" का लोप करें।

(vi) खंड (प) में "बोर्ड" के लिए "विहित प्राधिकरण" को शब्द रखें।

(vii) उप-धारा 3 में "पांच सौ" और "पच्चीस" के स्थान पर क्रमशः "दस हजार" और "एक हजार" शब्द रखें।

(viii) उपधारा (4) का लोप करें।

55. धारा 141.–उप-धारा (2) में, "एक सौ पचास" के स्थान पर "दो लाख" शब्द रखें और

"दस" शब्द के बाद "हजार" शब्द अंत:स्थापित करें।

9. गोवा, दमण और दीव आवासीय बोर्ड अधिनियम, 1968

(1968 का 12)

1. मूल अधिनियम में, विस्तृत नाम में, संक्षिप्त नाम में प्रस्तावना में, धारा 1 की उप-धारा (2) में, धारा 2 के खंड (घ) और (प), और धारा 3 की उप-धारा (1) में,''गोवा" के लिए, जहां कहीं भी यह आया है, "दादरा और नागर हवेली और" को रखें।

2. धारा 25 की उप-धारा (1) और (2) में, धारा 105 के खंड (क) और (ग) में, सीमांत शीर्षक में और धारा 107 में, धारा 111 में, धारा 114 में, धारा 117 में, सीमांत शीर्षकों में और धारा 121 में औरधारा 122 में,"अध्यक्ष" के स्थान पर, जहां कहीं यह आया है, "सचिव" रखें।

3. धारा 2.–

(i) खंड (ट) के स्थान पर निम्नलिखित खंड रखा जाएगा, अर्थात्:-

"(ट) "सरकार" सेअभिप्रेत संविधान के अनुच्छेद 239 के अधीन राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त प्रशासक की अध्यक्षता में दादरा और नागर हवेली तथा दमण तथा दीव का संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन है।"

(ii) खंड (ठ) के स्थान पर निम्नलिखित खंड रखा जाएगा, अर्थात्:-

"(ठ) "भूमि" में खुले स्थल और भूमि शामिल है जिस पर निर्माण किया जा रहा है या पहले से ही निर्माण किया गया है, भूमि से उत्पन्न होने वाले लाभ और पृथ्वी से जुड़ी चीजें या स्थायी रूप से पृथ्वी से जुड़ी किसी भी चीज से जुड़ी हुई हैं; और इसमें समुद्र, नाले, नदी, झील या किसी अन्य जल के नीचे की भूमि भी शामिल है।"

(iii) खंड (त) के उप-खंड (ii) में, "उससे" संबंधित के बाद, "और" अंत:स्थापितकरें।

(iv) खंड (त) के उपखंड (ii) के बाद, निम्नलिखित उपखंड को रखा जाएगा, अर्थात्: -

"(iii) भवन या भवन का एक भाग जिसे किराये पर दिया गया है या किराए पर देने का इरादा है या अलग से जिसका कब्जा लिया हुआ है;"

(v) खंड (न) के स्थान पर निम्नलिखित खंड रखा जाएगा, अर्थात्:-

"(न) "सचिव" से बोर्ड के सचिव-सह-प्रबंध निदेशक अभिप्रेत"।

4. धारा 3.–उप-धारा (3) में, "भूमि अर्जन अधिनियम, 1894" के स्थान पर "भूमि अर्जन, पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 " रखें।

5. धारा 5.

(i) उप-धारा (1) के स्थान पर, निम्नलिखित उप-धारा को प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात्:-

"प्रत्येक सदस्य सरकार के प्रसाद पर्यंत पद धारण करेगा और पुनर्नामांकन के लिए पात्र होगा"।

(ii) दूसरे परंतुक का लोप करें।

6. धारा 21.–

(i) उप-धारा (1) में, "पच्चीस हजार" शब्दों के स्थान पर, "तीन लाख" शब्द रखें।

(ii) पहले परंतुक के स्थान पर निम्नलिखित परंतुक रखा जाएगा, अर्थात्:-

"परंतु यह कि यदि धन किसी सरकारी गारंटी से जुड़ा हुआ है और अन्य मामलों में यह एक करोड़ रुपये है" तो बोर्ड, सरकार के पूर्व अनुमोदन के बिना, दस लाख रुपये से अधिक का कोई खर्च नहीं करेगा।

7. धारा 53.–उप-धारा (2) में, "भूमि अर्जन अधिनियम, 1894" जहां कहीं भी आया हो, उसके स्थान पर, "भूमि अर्जन, पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013" को रखें।

8. धारा 68.–परंतुक का लोप करें।

9. धारा 95.–उप-धारा (2) में -

(i) खंड (क) का लोप करें।

(ii) खंड (ख) को उप-धारा (2) के रूप में पढ़ें।

10. धारा 97.– "पचास" के स्थान पर "पांच सौ" रखें।

11. धारा 98.–

(i) खंड (क) में, "सौ" के स्थान पर "हजार" और "पचास" के स्थान पर "पांच सौ" रखें।

(ii) खंड (ख) में, "सौ" के स्थान पर "हजार" और "दस" के स्थान पर "एक सौ" रखें।

12. धारा 99.–

(i) खंड (क) में, "सौ" के स्थान पर "हजार" रखें।

(ii) खंड (ख) में, "पचास" के लिए, "पांच सौ" रखें।

13. धारा 100- खंड (ख) में, "सौ" के स्थान पर "हजार" रखें।

14. धारा 101.–

(i) खंड (क) में, "सौ" के स्थान पर "हजार" रखें।

(ii) खंड (ख) में, "पचास" के लिए, "पांच सौ" रखें।

15. धारा 128.–उपधारा (3) का लोप करें।

10. गोवा, दमण और दीव माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अधिनियम, 1975

(13 का 1975)

1. मूल अधिनियम में, विस्तृत नाममें, संक्षिप्त नाम में, धारा 1 की उप-धारा (2) में, धारा 2 के खंड (5) और (18) में, धारा 3 की उप-धारा (1) में और धारा 51 में, "गोवा" के स्थान पर, जहाँ भी यह आया है, "दादरा और नागर हवेली और" रखें।

2. धारा 2.–

(i) खंड (7) के स्थान पर निम्नलिखित खंड रखा जाएगा, अर्थात्:-

"(7). "सरकार" से संविधान के अनुच्छेद 239 के अधीन राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त प्रशासक की अध्यक्षता में दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीव का संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन अभिप्रेत है।

(ii) खंड (8) के बाद, निम्नलिखित खंड अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात्: -

"(8क) "उच्चतर माध्यमिक शिक्षा" से है ऐसी साधारण या साधारण और तकनीकी या व्यावसायिक या विशेष शिक्षा का संयोजन अभिप्रेत है, जो ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा के छात्रों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है;"।

(iii) खंड (11) के स्थान पर निम्नलिखित खंड रखा जाएगा, अर्थात्:-

"(11) सरकार द्वारा संचालित संस्थान के संबंध में "प्रबंधन" से शिक्षा निदेशक और अन्य संस्थानों के मामले में, ट्रस्टी या प्रबंध या शासी निकाय अभिप्रेत है, जो जिस नाम से भी जाना जाता है, सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 (1860 का केन्द्रीय अधिनियम 21) के अधीन पंजीकृत किसी भी ट्रस्ट या सोसायटी के ट्रस्टी या प्रबंध या शासी निकाय, जो जिस नाम से भी जाना जाता है, जिसके प्रबंधन में एक या एक से अधिक स्कूल या संस्थान चलाए जाते हैं;"।

(iv) खंड (17) के बाद, निम्नलिखित खंड अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात्: -

"(17क) "राज्य" से दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीव संघ राज्यक्षेत्र अभिप्रेत है;"

3. धारा 9.–

(i) उप-धारा (1) में, "उसकी परिलब्धियां और सेवा के नियम और शर्तें ऐसी होंगी जो विहित की गई हों" के स्थान पर, "सचिव की नियुक्ति के लिए पात्रता मानदंड, भर्ती का तरीका और सेवा की शर्तें ऐसी होंगी जो विहित की गई हों" रखें।

(ii) उप-धारा (2) के स्थान पर, निम्नलिखित उप-धारा को रखा जाएगा, अर्थात्:-

"बोर्ड के सचिव के पद पर नियुक्ति के प्रयोजन के लिए आवश्यक न्यूनतम योग्यताएं और अनुभव निम्नलिखित हैं-

(क) (i) उसके पास कला में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उच्चतर शिक्षा में द्वितीय श्रेणी की मास्टर डिग्री या डिप्लोमा, या विज्ञान और शिक्षा में स्नातक की डिग्री होनी चाहिए, जिसमें शिक्षण और प्रशासन दोनों में कम से कम 15 साल का अनुभव हो; तथा

(ii) उसने किसी राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन के शिक्षा निदेशालय के अधीन शिक्षा निरीक्षक या उसके समकक्ष पद से नीचे का जिम्मेदार पद पांच वर्ष से कम की अवधि के लिए धारण न किया हुआ हो;

(ख) राज्य का समूह 'क' अधिकारी।

4. धारा 12.–वर्ग-क, वर्ग- ख और वर्ग- ग के लिएनिम्नलिखित को रखें-

वर्ग-क - (i) स्कूल शिक्षा निदेशक या उसके द्वारा नाम निर्देशिती जो उप निदेशक के पद से नीचे का न हो;

(ii) खेल और युवा मामलों के निदेशक;

(iii) कला और संस्कृति निदेशक;

(iv) शिल्पकार प्रशिक्षण निदेशक;

(v) तकनीकी शिक्षा निदेशक;

(vi) राज्य शिक्षा संस्थान के निदेशक; तथा

(vii) उच्चतर शिक्षा निदेशक।

निर्वाचित सदस्य।–

वर्ग-ख- (i) दादरा और नागर और दमण और दीव विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने के लिए विज्ञान और कला संकायों में से प्रत्येक से एक सदस्य, जोविश्वविद्यालय की अकादमिक परिषद द्वारा सदस्यों में सेनिर्वाचित होगा, जिनमें से कम से कम एक सदस्य कॉलेज का प्रतिनिधित्व करेगा और इस तरह के प्रथम निर्वाचन होने तक, राज्य के कॉलेजों के प्रधानाचार्यों और शिक्षकों में से सरकार द्वारा नामित किया जाएगा;

(ii) (क) क्रमशः दादरा और नागर हवेली, दमण और दीव जिलों का प्रतिनिधित्व करने के लिए उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के तीन प्रधानाचार्य; तथा

(ख) राज्य के बोर्ड द्वारा मान्यताप्राप्त ऐसे स्कूलों के व्यावसायिक स्ट्रीम के शिक्षकों द्वारा क्रमश: दादरा और नागर हवेली, दमण और दीव जिलों के लिए व्यावसायिक स्ट्रीम से परस्पर निर्वाचित तीन प्रतिनिधि;

(iii) क्रमशः दादरा और नागर हवेली, दमण और दीव जिलों का प्रतिनिधित्व करने के लिए उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के तीन ग्रेड I शिक्षक, जिन्हें राज्य में बोर्ड द्वारा मान्यताप्राप्त ऐसे स्कूलों के शिक्षकों द्वारा परस्पर निर्वाचित किया गया हो;

(iv) उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों से भिन्न अन्य माध्यमिक विद्यालयों के छह प्रधानाध्यापक, प्रत्येक निर्दिष्ट क्षेत्र से एक-एक, जिन्हें निर्दिष्ट क्षेत्र में ऐसे विद्यालय के अध्यापकों द्वारा परस्पर निर्वाचित किया गया हो;

(v) उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों से भिन्न अन्य माध्यमिक विद्यालयों के छह शिक्षक, प्रत्येक निर्दिष्ट क्षेत्र से एक-एक, जिन्हें निर्दिष्ट क्षेत्र में ऐसे स्कूल के शिक्षकों द्वारा परस्पर निर्वाचित किया गया हो;

(vi) राज्य में बोर्ड द्वारा मान्यताप्राप्त ऐसे स्कूलों के प्रबंधन द्वारा परस्पर निर्वाचित माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के प्रबंधन के दो प्रतिनिधि;

मनोनीत सदस्य –

वर्ग-ग - सरकार द्वारा मनोनीत किए जाने वाले निम्नलिखित छह सदस्य:-

(i) दृश्य/प्रदर्शन कला का एक प्रतिनिधि;

(ii) विकलांगों की शिक्षा/पुनर्वास में योगदान देने वालों में से एक प्रतिनिधि;

(iii) राज्य के माध्यमिक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों के प्राचार्यों में से एक प्राचार्य; तथा

